ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 23° C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 16 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 184 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेना पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत पेज 2



क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक खेल टाइम्स




हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए, क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए सम्पादकीय



ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ लगाने की दी धमकी पेज 12

# इतिहास रच धरती पर लौटे शुभांशु

## अंतरिक्ष से 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की कैलिफोर्निया में हुई लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्स-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं।

चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4.45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधानों को अंजाम दिया। स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान भारतीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद चार बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से रवाना हुआ था। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे।



- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए

### मोदी ने शुभांशु को सकुशल लौटने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को एक्सिओम-4 मिशन की सफलता के बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को सकुशल धरती पर लौटने पर बधाई दी और उनका स्वागत किया। श्री मोदी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हू, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और भावनाओं से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है।

## कांवड़ यात्रा: क्यूआर कोड विवाद पर उप्र और उत्तराखंड सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर मंगलवार को उन्हें नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा और अन्य की ओर से दायर याचिका पर दोनों राज्यों को एक सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। गत 11 जुलाई से शुरू कांवड़ यात्रा आगामी नौ अगस्त तक चलेगी। अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह, हुजेफा हमदी और शादान फरासत याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए, जबकि उत्तराखंड सरकार का पक्ष रखने उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार शेठी पेश हुए।

# यमन में निमिषा को मिली दूसरी जिंदगी

सना, वार्ता

**यमन में मौत** की सजा पाने वाली केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा फिलहाल टाल दी गई है। उसे 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जानी थी। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय अधिकारियों के प्रयासों से निमिषा प्रिया की सजा टल गई है। भारतीय अधिकारी वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टिविस्ट ग्रुप और प्रभावशाली धार्मिक नेताओं ने इस मामले में दखल दिया, जिसके बाद निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित कर दी गई है। इससे पहले निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर भी कई कोशिशें की गई थीं। खबर यह भी है कि पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी (लगभग 8.5 करोड़ रुपये) स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर -शेष पृष्ठ दो पर




- दोनों देशों के धर्मगुरुओं ने की बातचीत, एक्टिविस्ट ग्रुप और धार्मिक नेताओं ने मामले में दखल दिया
- पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ

## मुंबई धमाके रोके जा सकते थे: उज्ज्वल निकम

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम ने कहा कि 1993 के मुंबई बम धमाके रोके जा सकते थे। अगर एक्टर संजय दत्त उस गाड़ी के बारे में पुलिस को बता देते, जिसमें से उन्होंने एके-47 बंदूक उठाई थी, तो ये धमाके कभी नहीं होते। हाल ही में निकम को राज्यसभा सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि धमाकों से कुछ दिन पहले अबू सलेम (गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का आदमी) हथियारों से भरी एक वैन लेकर संजय दत्त के घर आया था। उसमें हथगोले और एके-47 थी। संजय ने उसमें से कुछ हथियार ले लिए। बाद में उन्होंने सब लौटा दिए, लेकिन एक एके-47 रख ली। निकम ने कहा कि इस बारे में पुलिस को जानकारी न देना धमाकों का कारण बना, जिनमें इतने सारे लोग मारे गए। निकम ने ये बातें एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहीं। 12 मार्च 1993 को मुंबई के अलग-अलग इलाकों में सिलसिलेवार 13 बम धमाके हुए थे। इसमें 257 लोगों की मौत हुई -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### देवी देवताओं के प्रति टिप्पणियों पर सरकार दे जवाब: हाईकोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने हरियाणा के संत रामपाल के संस्थानों से प्रकाशित पुस्तकों में हिंदू देवी देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में यूपी सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या सरकार मामले में कोई ठोस कदम उठाने जा रही है। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या याची की शिकायत पर अब तक कोई कारवाई की गई है। इसका ब्योरा भी अगली सुनवाई पर 15 जुलाई को पेश करने का निर्देश सरकारी वकील को दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह जानकारी पेश किए जाने के बाद जरूरी होने पर याचिका के निजी पक्षकारों को नोटिस जारी करने पर गौर किया जाएगा। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने यह आदेश हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नमक ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर दिया।

### पीसीआई ने अजीत के खिलाफ प्राथमिकी पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) और महिला पत्रकारों के संगठन इंडियन वुमेंस प्रेस कार्प्स (आईडब्ल्यूपीसी) ने वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के खिलाफ बिहार के बेगुसराय में की गई प्राथमिकी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रेस की स्वतंत्रता और भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए बढ़ती चुनौतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रेस कल्ब ने आज एक बयान जारी कर कहा कि पीसीआई और आईडब्ल्यूपीसी वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करती है।

### इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदर्शनी व मेले के उद्घाटन पर बोले योगी

# युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार कटिबद्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उत्तर प्रदेश से 25 करोड़ की आबादी में से 56 से 60 प्रतिशत लोग कामकाजी वर्ग से हैं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है और भाजपा की सरका. रें उन्हे रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ की आबादी में 56 से 60 प्रतिशत लोग कामकाजी वर्ग से हैं। इन युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'एआई और डिजिटल स्किल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' उत्तर प्रदेश के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि यह राज्य की युवा शक्ति को नई दिशा प्रदान करने का आधार बन रही है। योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि हमने स्केल को स्किल में बदलने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करवा रही है, जिनमें से 50 लाख युवा अब तक लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को न्यू-एज टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा गया है, ताकि उद्योगों और बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। प्रदेश में 400 के करीब राजकीय और 3000 निजी आईटीआई संचालित हैं, जहां न्यूनतम शुल्क पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सरकार निजी आईटीआई में पढ़ने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप और अन्य प्रोत्साहन भी दे रही है। उन्होने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में कानून- व्यवस्था में सुधार और सरकार की सकारात्मक नीयत के कारण 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। ये निवेश लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह को मिला केंद्र में सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव अमित सिंह को सेवा विस्तार मिल गया है। आईआरएस 2000 बैच के अधिकारी अमित सिंह की प्रतिनियुक्ति केंद्र सरकार ने मार्च 2027 तक बघ दी है। अमित सिंह को योगी आदित्यनाथ के करीबी अफसरों में गिना जाता है। लंबे समय से यह कयास लगाये जा रहे थे कि उनको सेवा विस्तार मिल सकता है। यह विस्तार मानक प्रतिनियुक्ति नीति में ढील देते हुए दिया गया है। गौरतलब है कि अमित सिंह को अप्रैल 2017 में उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्त पर भेजा गया था और तब उन्हें मुख्यमंत्री का विशेष सचिव बनाया गया था। बाद में उनको सचिव के पद पर प्रोन्नत किया गया था। यूपी में प्रतिनियुक्ति पर आने से पहले श्री सिंह विदेश मंत्रालय के अंतर्गत लखनऊ में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। वह रेलवे में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) और गोरखपुर में रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव की भूमिका निभा चुके हैं।

# सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लखनऊ की अदालत ने बीस-बीस हजार के बॉन्ड पर दी कांग्रेस नेता को जमानत

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में लखनऊ की स्थानीय अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी।

अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार रुपये के दो बांड पर श्री गांधी को जमानत दे दी। श्री गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल की तरफ से जमानत याचिका डाली गई थी जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इससे पहले राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे। पिछली पांच सुनवाई के दौरान श्री गांधी अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। जमानत मिलने के बाद राहुल सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि 16 दिसम्बर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी सशस्त्र बलों के लिए अपमानजनक थी और एक पूर्व रक्षा कर्मी के रूप में उनके अपने मनोबल को ठेस पहुंचाने वाली थी। श्रीवास्तव के मुताबिक, श्री गांधी ने अपनी संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि निःसंदेह, भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें ऐसे बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है, जो किसी व्यक्ति या भारतीय सेना के लिए अपमानजनक हों।

# उदयपुर फाइल्स की रिट पर सुको आज करेगा सुनवाई

■ जमीयत उलेमा ए हिंद व अन्य ने दायर की हैं रिट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैयालाल लाल टेलर मर्डर' के पक्ष और विपक्ष में दायर याचिकाओं पर वह बुधवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों में शामिल मोहम्मद जावेद की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर उनके अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी से कहा कि वह पक्ष और विपक्ष में दायर दोनों मामलों पर बुधवार को सुनवाई करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता गुरुस्वामी के 'विशेष उल्लेख' पर पीठ ने जावेद की याचिका को फिल्म के निर्माता द्वारा दायर एक अन्य याचिका के साथ सोमवार को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। दूसरी ओर, फिल्म के निर्माता ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के उस आदेश को चुनौती देते हुए दरवाजा खटखटाया है, जिसमें फिल्म के प्रदर्शन पर अंतरिम रोक लगा दी गई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमीयत उलेमा-ए- हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फिल्म की निर्धारित रिलीज (11 जुलाई) से एक दिन पहले रोक संबंधी आदेश पारित किया था।

# इंदौर के कार्टूनिस्ट की गिरफ्तारी पर रोक

नई दिल्ली, वार्ता

■ हेमंत मालवीय ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया माफीनामा अगली सुनवाई 15 अगस्त के बाद

उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय के माफी मांगने के बाद मंगलवार को अंतरिम राहत दी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इंदौर निवासी व्यंगचित्रकार मालवीय को अंत. रम संरक्षण का आदेश पारित करते हुए उन्हें हिंदी में हलफनामे के रूप में भी माफी मांगने का निर्देश दिया। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 15 अगस्त की तारीख मुकर्रर करते हुए पक्षकारों को अगली तारीख तक अपनी दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया। आरोपी ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें उनके फेसबुक पर पोस्ट किए गए संबंधित व्यंगचित्र मामले में उन्हें अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया गया था।

वह 14 जुलाई को उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद आपत्तिजनक व्यंगचित्र को फेसबुक से हटाने के लिए तैयार हुआ था। सुनवाई के दौरान पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया था। पीठ ने 14 जुलाई को उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा था कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा था कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई थी और कहा था कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है । उन्होंने हालांकि कहा था कि याचिकाकर्ता की टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं।

# विदेश नीति के नाम पर चल रहा सर्कस: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर भारत-चीन संबंधों के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह (एस जयशंकर) देश की विदेश नीति को नष्ट करने के उद्देश्य से एक सर्कस चला रहे हैं।

विपक्ष के नेता की यह टिप्पणी जयशंकर द्वारा मंगलवार को शी जिनपिंग से मुलाकात करने और उन्हें द्विपक्षीय संबंधों के हालिया विकास से अवगत कराने के बाद आई है। राहुल गांधी ने एक पोस्ट में लिखा कि मुझे लगता है कि चीनी विदेश मंत्री आएंगे और पीएम मोदी को चीन-भारत संबंधों के हालिया घटनाक्रम से अवगत कराएंगे। विदेश मंत्री अब भारत की विदेश नीति को नष्ट करने के उद्देश्य से एक फुल प्लान सर्कस चला रहे हैं। बता दें कि बीजिंग में शी जिनपिंग के साथ अपनी बैठक के दौरान जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी दी थीं।



सेंसेक्स 82570.91
निफ्टी 25195.80



सोना रु. 97916
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 111999
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली से चढ़ा बाजार

मुंबई, वार्ता



विदेशों में शेयर बाजारों में मजबूती का असर मंगलवार को घरेलू बाजार पर भी देखा गया। लगातार चार दिन की गिरावट से उबरकर बीएसई का संसेक्स 317.45 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 113. 50 अंक (0.45 प्रतिशत) की बढ़त में 25,195.80 अंक पर पहुंच गया। बाजार में चौतरफा लिवाली रही। संसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों में तेजी रही, जबकि आठ में गिरावट देखी गयी। सनफार्मा के शेयर सबसे ज्यादा 2.71 फीसदी चढ़े। एचसीएल टेक में 3.31 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार की तेजी में रुपये में जारी बढ़त का भी योगदान रहा। अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपया आज 8.50 पैसे मजबूत हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निफ्टी के साथ दूसरे सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी.100 में 0.49 प्रतिशत और निफ्टी मिडकैप.100 में 0. 95 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल समेत सभी सेक्टरों में लिवाल से इनके सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। एनएसई में निफ्टी ऑटो सबसे ज्यादा 1.50 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स 1.23 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशल सर्विसेज 1.18 फीसदी और निफ्टी फार्मा 1.14 प्रतिशत मजबूत हुआ। सकारात्मक रुझानों के कारण शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। निफ्टी.50 सुबह 7.20 अंक की मजबूती के साथ 25,089.50 अंक पर खुला। बीच कारोबार में एक समय यह 25,245.20 अंक तक पहुंच गया था। अंत में यह 113.50 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। विदेशों में जहां सोमवार को अमे. रिकी शेयर बाजार मजबूत बंद हुए थे, वहीं जापान, हांगकांग, ब्रिटेन और दक्षिण कोरियाई शेयर बाजारों में भी तेजी रही। हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर सोने में जहां तेजी रही, वहीं कच्चे तेल की कीमतों में नरमी देखी गई।

# सोना 387 गिरकर 97916 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी भी गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 387 गिरकर 97,916 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 98,303 पर था। चांदी की कीमत 1,868 कम होकर 1,11,999 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,13,867 पर थी। ये चांदी का ऑल टाइम हाई भी है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,920 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और

**2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था**

22 कैरेट सोने की कीमत 91,450 रही,जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,754 रुपए बढ़कर 97,964 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,982 रुपए बढ़कर 1,11,999 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# इंडिगो का जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता

नई दिल्ली, वार्ता

देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक अपने उपभोक्ताओं की आसान कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया की किफायती एयरला. इंस जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता किया है।

इंडिगो ने मंगलवार को बताया कि उसके ग्राहक अब सिंगापुर, बैंकॉक और फुकेट के रास्ते ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के लिए टिकट बुक करा सकते हैं। इसके लिए बुकिंग 21 जुलाई से शुरू होगी, जो 1 सितंबर या उससे आगे की यात्रा के लिए उपलब्ध होगी। इस समझौते के तहत यात्री इंडिगो की वेबसाइट पर दोनों नेटवर्कों के लिए एक ही टिकट बुक कराकर यात्रा कर सकते हैं। उन्हें एक बार ही चेकइन भी करना होगा। हालांकि इस समझौते को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। जेटस्टार की सीईओ स्टेफनी टुली ने कहा कि दोनों एयरलाइंस के बीच इस साझेदारी से भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विशिष्ट आकर्षण, विश्व स्तरीय अनुभव और भारतीय मूल के समुदायों की बढ़ती आबादी उपमहाद्वीप के लोगों के बीच दोनों देशों को लोकप्रिय बनाता है। इंडिगो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (नेटवर्क नियोजन और राजस्व प्रबंधन) अभिजीत दासगुप्ता ने कहा कि जेटस्टार के साथ इस कोडशेयर समझौते से कारोबार, व्यापार और पर्यटन से संबंधित यात्रा को और मजबूती मिलेगी और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

### पहली तिमाही में कुल निर्यात बढ़कर 210.31 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025.26 की पहली तिमाही में वस्तु एवं सेवा को मिलाकर देश का कुल निर्यात 5.94 प्रतिशत बढ़कर 210.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 198.52 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि तिमाही के दौरान वस्तुओं का निर्यात 112.17 अरब डॉलर रहा जो अप्रैल-जून 2024 की तुलना में 1.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें गैर.पेट्रोलियम निर्यात 94.77 अरब डॉलर बढ़कर 5.97 प्रतिशत पर पहुंच गया। इस दौरान सेवा निर्यात 98.13 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 88.46 अरब डॉलर से 10.93 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात 230.62 अरब डॉलर रहा, जिससे देश का व्यापार घाटा कम होकर 20.31 अरब डॉलर हो गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यमन में...** मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक के भाई भी शामिल हैं। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया। ऐसा भी पहली बार हुआ है जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ है। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हो रही है, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है। भारतीय नर्स निमिषा 2017 से जेल में बंद हैं, उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट अपने कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। भारत के पास यमन में स्थायी राजनयिक मिशन (दूतावास) नहीं है। 2015 में राजनीतिक अस्थिरता के कारण राजधानी सना में भारतीय दूतावास बंद कर दिया गया था और इसे जिबूती में ट्रांसफर कर दिया गया था। भारत सरकार यमन सरकार से मुख्य रूप से 'नॉन-रेजिडेंट राजदूत' के जरिये बात करती है। फिलहाल भारत सरकार रियाद में मौजूद राजदूत के जरिये बातचीत कर रही है।

**मुंबई धमाके...** थी, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। निकम ने कहा कि संजय दत्त निर्दोष थे। उन्होंने बंदूक सिर्फ इसलिए रखी, क्योंकि उन्हें हथियारों का शौक था। उन्होंने कानून की नजर में अपराध किया, लेकिन वे सीधे-सादे इंसान हैं। संजय के पास एके-47 थी, लेकिन उन्होंने कभी भी वह बंदूक नहीं चलाई। कोर्ट ने संजय को टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज एक्ट (टाडा) के तहत आतंकवादी नहीं माना, लेकिन प्रतिबंधित हथियार एके-47 रखने का दोषी करार दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी छह साल की सजा को घटाकर पांच साल कर दिया था। आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद मामले में सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम के साथ उनकी बातचीत सुर्खियों में रही थी। हालांकि, यह कभी सामने नहीं आया कि दोनों के बीच क्या बात हुई। इंटरव्यू के दौरान निकम ने इस बातचीत का खुलासा किया सजा सुनाए जाने के बाद संजय दत्त ने अपना आपा खो दिया था। मैंने उनके हावभाव बदलते देखे। मुझे लगा कि वे सदमे में हैं। वह फैसला बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे और कांप रहे थे। वे कठघरे में थे और मैं पास में ही था। मैंने उनसे कहा कि संजय ऐसा मत करो। मीडिया तुम्हें देख रहा है। अगर डरे हुए दिखोगे, तो लोग तुम्हें दोषी मानेंगे। तुम्हारे पास अपील करने का मौका है। इस पर उन्होंने कहा कि यस सर, यस सर। उज्ज्वल निकम 26/11 मुंबई हमला मामले में भी सरकारी वकील थे। इंटरव्यू में जब निकम से आतंकी अजमल कसाब को जेल में बिरयानी खिलाए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि कसाब ने वास्तव में बिरयानी मांगी थी, लेकिन नेताओं ने बात को पकड़ लिया और राजनीतिकरण कर दिया। कसाब इकलौता आतंकी था जिसे इस हमले के बाद जिंदा पकड़ा गया था।

# फिल्म निर्माता-अभिनेता धीरज का निधन

मुंबई, वार्ता

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता एवं फिल्मकार धीरज कुमार का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। धीरज कुमार को सांस लेने में तकलीफ कारण सोमवार को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया।

सिने एंड टेलीविजन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (सिन्टा) ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर धीरज कुमार के निधन पर शोक जताते हुए लिखा कि धीरज कुमार जी के निधन से हम दुखी हैं। वह 1970 से सिन्टा के एक आदरणीय सदस्य रहे हैं, उनके योगदान और उपस्थिति को हम हमेशा याद रखेंगे, उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी संवे. दनायें हैं, ओम शांति। धीरज कुमार ने सत्तर के दशक में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और 'दीदार', 'रातों का राजा', 'बहारों फूल बरसाओ', 'रोटी कपड़ा व मकान', 'शराफत छोड़ दी मैंने', 'क्रांति' और 'मांग भरो सजना' जैसी कई हिट फिल्मों में अहम किरदार निभाए थे। हिंदी फिल्मों में ही नहीं, बल्कि पंजाबी सिनेमा में भी अपनी पहचान बनाई थी। उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में काम किया, जिनमें 'सज्जन सिंह रंगरूट', 'इक संधू हुंदा सी', 'वॉर्निंग 2' जैसी फिल्में शामिल हैं।

### राजस्थान में भारी बारिश से 16 की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। कोटा में प्रदेश में सबसे ज्यादा 198एमएम बारिश हुई। यहां कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है। इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया। मप्र के लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत 15 शहरों में तेज बारिश के कारण जलभराव-बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश के कई बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर के गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोले गए। चित्रकूट में उद्घाटन से पहले 51 करोड़ से बने 4 पुलों की एप्रोच सड़कें बह गईं। हिमाचल प्रदेश में बीते 24 दिन में 105 लोगों की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हो चुकी हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें अभी भी बंद हैं। मनाली-चंडीगढ़ हाईवे पिछले 3 दिन से रोजाना लैंडस्लाइड के चलते बंद हो रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तर प्रदेश में पशुधन क्रांति



उत्तर प्रदेश सरकार ने पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में समग्र और दूरदर्शी नीतियों के साथ राज्य के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने की दिशा में प्रभावशाली पहल की है। किसानों की आय को दोगुना करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण अनुकूल कृषि मॉडल को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला चलाई जा रही है। यह बदलाव सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और संरचनात्मक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार की यह रणनीति राज्य को पशुधन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाए रखने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रही है।



"प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को अगर नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न सिर्फ देश का अग्रणी दूध उत्पादक राज्य बन सकता है बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है"

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



"भारत के डेयरी सेक्टर को मजबूत करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। गाय-भैंस का मजाक उड़ाने वाले लोग ये भूल जाते हैं कि देश के 8 करोड़ परिवारों की आजीविका पशुधन से ही चलती है। यूपी आज न केवल देश का सबसे अधिक दूध उत्पादक राज्य है, बल्कि डेयरी सेक्टर के विस्तार में भी बहुत आगे है"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**7,717** गौशालाएं स्थापित

**14 लाख+** गायों को संरक्षित किया गया

उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन कर देश में **प्रथम स्थान**

लम्पी रोग से बचाव / नियंत्रण के लिए **1.52 करोड़** पशुओं का टीकाकरण

## 2017 से पहले

| | |
|---|---|
| 7 करोड़ पशुओं का टीकाकरण | पशु उत्पादों के प्रोत्साहन के प्रति शून्य प्रयास |

## 2017 के बाद



- 16 करोड़ पशुओं का टीकाकरण
- गोवंश से आर्थिक उन्नति के प्रयास
- पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाने हेतु प्रदेश स्तर पर रेडियम बेल्ट भी लगाई जा रही
- गो-पेंट, गो-दीप और गाय के गोबर के गमले और वर्मी कम्पोस्ट का व्यापक उत्पादन
- जैव ऊर्जा और बायोगैस ईंधन के रूप में गोमूत्र का व्यावसायिक उपयोग
- एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, 4 प्रमुख डेयरी इकाइयों का प्रभार, कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अम्बेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला में हैं

**हेल्पलाइन** पशुपालन विभाग 1800-180-5141 | पशु चिकित्सकीय सहायता 1962



- मुख्यमंत्री निराश्रित/ बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत इच्छुक कृषक/ पशुपालक परिवारों को 1 से 4 गाय व ₹1500 प्रतिमाह प्रति गोवंश दिये जाने की व्यवस्था
- मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में 1,63,452 गोवंश इच्छुक कृषक / पशुपालक परिवारों को सुपुर्द
- प्रदेश में पहली बार डी.बी.टी. के माध्यम से भरण-पोषण हेतु ₹50 प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से गो आश्रय स्थलों को धनराशि हस्तांतरण
- प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाये रखने के लिए 5 वर्षों में ₹1000 करोड़ की लागत से नन्द बाबा दुग्ध मिशन का प्रारम्भ
- मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं स्वदेशी नस्ल के गोवंश हेतु मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना संचालित
- नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत दुग्ध उत्पादन तथा डेयरी की स्थापना के लिए लगभग 50 प्रतिशत अनुदान
- ई-कॉमर्स पोर्टल से 1,22,951 उपभोक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं पराग मित्रों को जोड़ा गया
- प्रदेश में दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं उत्पाद प्रोत्साहन नीति का प्रख्यापन
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना (पशुपालन घटक) के अन्तर्गत मार्च 2024 तक 5.60 लाख किसान क्रेडिट कार्ड वितरित
- गो-आश्रय स्थलों में CCTV की स्थापना तथा जनपद स्तरीय कंट्रोल रुम (ICCC) के माध्यम से निगरानी

ADVERTORIAL

## सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल की पेश.....

# हिंदू डाक्टर ने मुस्लिम बच्चे को खून देकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** किसी एक शायर के अशआर की कुछ लाइनें इस तरह से हैं कौन हिंदू कौन मुस्लिम कौन सिख सरदार है, चीरकर देखो नसों को खून की एक धार है ये लाइनें बुढाना कस्बे की मास्टर कालोनी में रहने वाले डाक्टर अशोक कुमार पर सटीक बैठ रही हैं क्योंकि डाक्टर अशोक कुमार ने बीती सोमवार की देर रात बुढाना कस्बे के मौहल्ला पुलपार स्थित एक निजी हस्पताल में भर्ती हुए बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रियावली नंगला निवासी 01 साल के मासूम बच्चे सिफान अहमद पुत्र जीशान अली को एनिमिया की शिकायत होने पर अपना ब्लड देकर जान बचाई।

मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की देर रात सोशल मीडिया पर एक मैसेज तेजी से प्रसारित हुआ। जिसमें एक वर्ष के बच्चे को खून की कमी के चलते खून की जरुरत बताई गयी। इस दौरान पांच लोगों ने बच्चे को खून देने का मैसेज छोडा।

जिसमें डाक्टर अशोक कुमार मैसेज पढते ही आनन फानन मे ब्लड सेन्टर पहुंचे और बच्चे को अपना खून देकर उसकी जान बचाई। यह नेक काम कर डाक्टर अशोक कुमार ने हिंदू-मुस्लिम एकता में नफरतों का जहर घोलने वालों को सीख देते हुए बता दिया है कि बुढाना कस्बे और क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब को कोई भी धूमिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई भी नेक काम करने से बडा ही सुकून मिलता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि बुढाना के सभी लोग हिंदू-मुस्लिम एकता को कायम रखने



के लिए बिना किसी द्वेष भावना के एक-दूसरे का सहयोग करें क्योंकि मानवता से बडी कोई सेवा ही नहीं है। जो लोग जरूरतमंदों की मदद करते हैं उन पर ईश्वर की कृप्या बरसती है।

कुल मिलाकर डाक्टर अशोक कुमार ने हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की है। दूसरी और कस्बे और क्षेत्र के लोगों ने डाक्टर अशोक कुमार के इस नेक काम की बहुत ही तारीफ की।

## फैक्ट्री में काम करने गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव से मुजफ्फरनगर की किसी फैक्ट्री में काम करने गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी महिला दयावती ने थाने पर सूचना देते हुए बताया कि उसका पुत्र प्रदीप मानसिक तनाव में चल रहा है। महिला ने बताया कि प्रदीप बीते सोमवार की सुबह मुजफ्फरनगर की एक फैक्ट्री में काम करने के लिए घर से निकला था लेकिन वह ना तो फैक्ट्री में पहुंचा और ना ही घर वापिस आया।

युवक के घर ना पहुंचने पर उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसे सभी रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन उसका कही कोई पता नहीं चल पाया। जिसके बाद उसके पुत्र ने एक वीडियो उसकी व्हाट्सएप पर भेजी जिसके बाद उसका नंबर बंद आ रहा है। पीडिता ने पुत्र को मानसिक रूप से परेशान बताते हुए उसे तलाश करने की मांग की है।

# खतौली से लखनऊ तक गूंजा नाला घोटाला

## उप मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश, लापरवाह अधिकारियों पर जल्द होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली नगर में वर्षों से चली आ रही जल निकासी की समस्या और कथित नाला घोटाले ने अब राजनीतिक गलियारों में दस्तक दे दी है। मंगलवार को खतौली निवासी और समाजसेवी राकेश सैनी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। उन्होंने शाहटाइम्स में प्रकाशित खबर की प्रति सौंपते हुए नगर में हुए नाला घोटाले की विस्तृत जानकारी दी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की।

राकेश सैनी ने उप मुख्यमंत्री को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि नगर पालिका द्वारा नगर के वर्षों पुराने नालों को मिटी से पाट दिया गया है, जिससे गंदे पानी की निक.ासी पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है। इस लापरवाही का नतीजा यह है कि हल्की सी बारिश में ही पूरा शहर जलमग्न हो जाता है और भारी बारिश के चार दिन बाद भी कई कालोनियों में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होंने विशेष रूप से गुज्जर कॉलोनी के पुराने नाले का उल्लेख करते हुए कहा कि पालिका द्वारा इस नाले को पाटकर उसके ऊपर कच्चा रास्ता बना दिया गया है। इसका विरोध न केवल क्षेत्रीय निवासी बल्कि रेलवे रोड, जानसठ मार्ग, श्यामपुरी कालोनी के व्यापारी भी कर रहे हैं। इस तथाकथित नाला घोटाले की खबर सबसे पहले शाहटाइम्स में प्रकाशित हुई थी, जिसे लेकर नगर में हडकंप मच गया था।

**उप मुख्यमंत्री ने दिए जांच के निर्देश:** शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि नाला घोटाले की पुष्टि होती है तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने नगर में जलभराव की समस्या को लेकर भी अलग से जांच कराने और समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

**नगरवासियों ने जताई राहत की उम्मीद:** इस घटनाक्रम के बाद नगरवासियों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से चली आ रही नाला व जलभराव की समस्या को अब शासन स्तर से गंभीरता से लिया जाएगा। व्यापारियों और रहवासियों ने उप मुख्यमंत्री की त्वरित प्रतिक्रिया का स्वागत किया है और नगर की बिगडती हालात को सुधारने की दिशा में जल्द कदम उठाए जाने की अपेक्षा जताई है।

**क्या है नाला घोटाला?** नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों पुराने नालों की सफाई और मरम्मत की जगह उन्हें मिटी डालकर पाट दिया गया। इस पर कच्चे रास्ते बना दिए गए जिससे न केवल गंदा पानी सडकों पर बहने लगा बल्कि बारिश के दिनों में हालात और बदतर हो गए। आरोप है कि यह कार्य बिना किसी तकनीकी निरीक्षण और स्वीकृति के कराया गया, जिससे लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।

फिलहाल नगरवासी अब शासन की अगली कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं।अगर जांच निष्पक्ष और त्वरित होती है तो यह खतौली के लिए एक बडी राहत साबित हो सकती है।

# गिरनार की पंचम टोक को जैन तीर्थ घोषित करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/खतौली।** भारतीय जैन मिलन परिवार द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जूनागढ स्थित पावन जैन तीर्थ गिरनार जी की पांचवीं टॉक पर जैन सधर्मी जनों की पूजा से वंचित रखने तथा उनके साथ हुए अभद्र व्यवहार के विरोध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि गिरनार पर्याप्त पर्वत की पांचवीं टॉक जैन समाज के लिए अत्यंत पवित्र स्थल है, जहां 22वें तीर्थकर भगवान नेमीनाथ जी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसके बावजूद गत 2 जुलाई 2025 को देशभर से आए हजारों जैन श्रद्धालुओं को वहां पूजा, अभिषेक, निर्माण लडडू चढाने

और जयकारा लगाने से रोका गया। पुलिस द्वारा न केवल पूजा सामग्री की जांच कर उसे जब्त किया गया, बल्कि महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और गुजरात गजेटियर, दोनों ही इस पंचम टॉक की जैन तीर्थस्थल के रूप में मान्यता दे चुके हैं। इसके बावजूद जैन श्रद्धालुओं को धार्मिक अधिकारों से वंचित किया जाना धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लांन है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोज जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय जैन (आइस वर्ल्ड), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाई. के. जैन, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दिनेश जैन, क्षेत्रीय मंत्री अभिषेक जैन, सदस्य मार्गदर्शक मंडल हर्ष कुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार जैन, उपाध्यक्षा वीरांगना साधना जैन, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक अतिबीर सुभाष चंद जैन, हर्षवर्धन जैन, मुनीम कचलोनी मंदिर कमेटी के संरक्षक अशोक जैन, सह सांनिक रवि जैन, जैन मिलन शांतिनाथ परिवार के अध्यक्ष विभोर जैन, रूपल जैन सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ज्ञापन के माध्यम से जैन समाज ने मांग की कि गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक को संरक्षित जैन राष्ट्रीय धरोहर ोषित किया जाए और वहां जैन श्रद्धालुओं को निर्वाध पूजा का अधिकार सुनिश्चित किया जाए। खतौली जैन समाज की ओर से भी एक ज्ञापन एसडीएम खतौली को दिया गया।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 120 वॉलिंटियर्स तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में शिवभक्तों की आस्था का प्रतीक कांवड यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए खतौली पुलिस ने कमर कस ली है। इसी क्रम में मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा ने 120 वॉलिंटियर्स की बैठक लेकर उन्हें टी शर्ट भेंट की गई।

बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने कहा कि कांवड यात्रा के दौरान भारी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार से जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। ऐसे में उनके मार्ग की सुरक्षा, सुविधा और मार्गदर्शन के लिए पुलिस के साथ-साथ वॉलिंटियर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी वॉलिंटियर्स से कहा कि वे



अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर तैनात होकर अनुशासन के साथ कार्य करें और पुलिस के साथ तालमेल बनाकर किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी या अप्रिय घटना को होने से रोकें। यात्रियों की भीड, यातायात व्यवस्था, मार्ग में आने वाली किसी भी प्रकार की तकनीकी या सामाजिक समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कुछ स्थानों पर कांवडियों की अत्यधिक भीड एकत्र होती है, वहां वॉलिंटियर्स की सतर्कता और सक्रियता विशेष रूप से आवश्यक होगी। साथ ही, उन्होंने वॉलिंटियर्स को हिदायत दी कि किसी भी स्थिति में संयम न खोएं और किसी भी सूचना या विवाद की स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिसकर्मी को सूचित करें। बैठक में क्षेत्र के सभी जिम्मेदार विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने वॉलिंटियर्स को उनके कार्य क्षेत्र और भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भी वॉलिंटियर्स की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि समाज में ऐसे युवाओं का सक्रिय योगदान सराहनीय है। कांवडघ्यात्रा की सुरक्षा और सेवा में लगे ये वॉलिंटियर्स समाज के लिए एक प्रेरणा बनेंगे। पारस जैन, अर्जुन शर्मा, शिवेंद्र शर्मा, चंद्रपाल, गौरी शंकर गौरी, आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता के साथ ससुरालजनों ने की मारपीट

**मोरना।** दहेज लोभी ससुरालियों द्वारा विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का मामला प्रकाश में आया है पीडघ्ता ने आरोपी सुसराल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार पुलिस से लगाई है।

जानसठ थाना क्षेत्र के गांव तालडा निवासी चौब सिंह ने बताया की उसकी पुत्री दीपा की शादी तीन साल पहले भोपा थाना क्षेत्र के गांव छछरौली निवासी युवक से हुई थी शादी के बाद से ही दीपा की सास ,ससुर जेठ, जेठानी व नंन्द अतिरिक्त दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित कर मारपीट करते रहते हैं तथा इसका पति भी अपने परिजनों का ही साथ देता है सोमवार की देर रात सुसराल पक्ष द्वारा दीपा के साथ मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया पुत्री को थाने लेकर पहुंचे पिता ने आरोपी सुसराल जनों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

# छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों के बारे में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** शासन आदेश अनुसार आज मंगलवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जो कि बीती एक जुलाई से लेकर आगामी 30 जुलाई तक चल रहा है के अंतर्गत कक्षा 08 के बच्चों के साथ कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता की गई।

इसके बाद अनुराधा द्वितीय सहायक अध्यापिका ने संचारी रोग के लक्षण तथा उपाय के बारे में बताया तथा संगीत के माध्यम से भी संचारी रोग नियंत्रण के लिए जागरूक किया। स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्कूल में संचारी रोग कार्यक्रम चलाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संचारी रोगों के बारे में शिक्षित करना, उन्हें रोकने और नियमित करने के उपाय सीखना तथा एक स्वस्थ स्कूल वातावरण बनाना है।

इसका मतलब ये है कि जागरूकता बढाना छात्रों और कर्मचारियों को विभिन्न संचारी रोगों, उनके लक्षणों और फैलने के तरीकों के बारे में जानकारी देना जिससे कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ स्कूल वातावरण बनाना जहां वे संचारी रोगों से सुरक्षित रह सकें।

## नवनिर्माण मकान में चोरी से क्षेत्र मे हड़कंप

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर मे चोरी होने से गांव सहित क्षेत्र मे हड़कंप मच गया वही गांव मे हुई चोरी से पुलिस गश्त की पूरी तरह से पोल खुल गयी चरथावल क्षेत्र मे अपराधियों के हौसले बुलंद से नजर आ रहा है जहाँ दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र मे खुलेआम फायरिंग की घटना से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया था वही अब चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर मे मकान मालिक भागमल अपने मकान की छत पर सोता हुआ था देर रात्रि घर मे घुसकर अज्ञात बदमाश रात्रि में बासठ हजार रुपये की नगदी व जेवरात सहित लाखों रुपये के सामान से भरा बक्सा चोरी कर ले गये। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की। भाकियू नेता विकास शर्मा ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की है

## संक्षिप्त समाचार

### युवा व्यापारी की मौत से मीरांपुर में छाया शोक

**मीरापुर।** कस्बे के युवा व्यापारी मयंक मित्तल उर्फ मनी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मयंक मित्तल (उम्र 35 वर्ष), पुत्र अशोक कुमार मित्तल, का हृदय गति रुकने से मंगलवार को अचानक निधन हो गया। उनके असमय चले जाने से न केवल परिवार, बल्कि व्यापारिक समुदाय और उनके जानने वालों में भी गहरा शोक व्याप्त है। मयंक मित्तल कस्बे में मोबाइल की दुकान चलाते थे और अपनी मिलनसारिता, विनम्र स्वभाव और व्यावसायिक दक्षता के लिए खासे लोकप्रिय थे। उनके निधन की

हर किसी की आंखें नम थीं दोपहर बाद गंगा बैराज पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मयंक मित्तल अपने पीछे पत्नी और छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। पूरे कस्बे में शोक की गहरी छाया व्याप्त है। उनके असमय निधन से मीरापुर ने एक होनहार और प्रिय युवा को खो दिया।

### डीएम-एसएसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय वर्मा ने बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र से लेकर बागपत जिले के बॉर्डर पर स्थित गांव बडघैदा तक कांवडघ्मार्ग का निरीक्षण कर कस्बे में पैदल फ्लैग मार्च कर एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल, एसडीएम बुढाना मोनालिसा जौहरी, सीओ बुढाना गजेंद्र पाल सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। कांवड मार्ग की सुरक्षा के लिए कई व्यवस्थाएं की गई है। पीएसी, आरएएफ और एटीएस की तैनाती की गई है। अतिरिक्त पुलिस बल, डॉग स्क्वाड व बम निरोधक दस्ता भी तैनात किया गया है।

एनडीआरएफ की टीम भी मौजूद रहेगी। निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया की निगरानी के लिए टीम बनाई गई है। डीएम व एसएसपी ने आज बुढाना सर्किल में पडने वाले कांवड मार्ग का दौरा कर अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। कांवड यात्रा को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित बनाने को हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### पुलिस की श्रद्धालुओं व डीजे संचालकों से अपील

**मुजफ्फरनगर।** कांवड यात्रा-2025 के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण संचालन के उद्देश्य से मुजफ्फरनगर पुलिस ने सभी शिव भक्त श्रद्धालुओं व डीजे संचालकों से अपील की है कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्णत: पालन करें। शासन द्वारा डीजे वाहनों की ऊंचाई अधिकतम 10 फीट तथा चौडघई अधिकतम 12 फीट निर्धारित की गई है। सभी से अपील है कि उक्त मानक के अनुरुप ही डीजे वाहनों को रखे यदि डीजे ओवरसाइज होगा। निर्धारित मानक के अनुरुप नही होगा तो उसे छोटाध्मानक के अनुरुप किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने कहा कि ओवरसाइज डीजे उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर रहे उनको बार्डर पर ही मानकों के अनुरुप छोटा किया जा रहा है। जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस सभी शिव भक्त श्रद्धालुओं व डीजे संचालकों से सहयोग की अपेक्षा करती है ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात की सुगमता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

### बजाज शुगर मिल बुढ़ाना का कांवड़ शिविर प्रारंभ

**खतौली।** सावन माह में कांवड यात्रा के दौरान कांवडियों की सेवा हेतु बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड बुढाना इकाई द्वारा मंगलवार को निशुल्क कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। सठेंडी गंग नहर पुल, खतौली पर आयोजित इस सेवा शिविर का उद्घाटन इकाई प्रमुख चंद्रवीर सिंह एवं जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसोदिया ने हवन पूजन कर किया। प्रबंधन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह सेवा शिविर दिनांक 23 जुलाई 2025 तक सतत रूप से संचालित होगा। इसमें शिवभक्त कांवडियों के लिए भोजन प्रसाद, आराम करने की व्यवस्था, शीतल जल, एवं दवा वितरण की सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी।बता दें कि सठेंडी गंग नहर पुल पर यह कांवड सेवा शिविर विगत 15 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी सेवा शिविर का संचालन अजयपाल सिंह, सोकिंद्र मालिक, एवं पुनीत कुमार द्वारा किया जा रहा है। यह शिविर आस्था, सेवा और समर्पण का प्रतीक बनकर हर वर्ष हजारों यात्रियों को राहत प्रदान करता है।

### अलीपुर के ग्रामीणों ने शुरु किया कांवड़ शिविर

**बुढाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली मोड पर आज मंगलवार के दिन पूर्व में निर्धारित तिथि के अनुसार भव्य कांवड सेवा शि. विर का सफल शुभारम्भ किया गया। यह शिविर बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना के समस्त ग्रामीणों ने एकजुटता का परिचय देते हुए पूर्व वर्षों की भांति शुरु किया। बुढाना पुलिस यहां पर व्यवस्था बनाते हुए देखी गयी। अपने गंतव्य की और बढ रहे सैंकडों कांवडयों ने यहां पर विश्राम किया और शिविर के शुरु होने पर गांव अलीपुर अटेरना के ग्रामीणों को बधाई दी।

इस कांवड सेवा शिविर के शुभारम्भ पर मुख्य रूप से डीसीडीएफ के पूर्व चैयरमेन सुबोध त्यागी, बुढाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, भूमि विकास बैंक बुढाना के चयरमेन विनोद सैनी, भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद, लविश जांगिड, इकराम पहलवान, गांव बिटावदा के पूर्व प्रधान सत्यपाल सहरावत और आस मौहम्मद रसूलपुर दभेडी आदि लोग मौजूद रहे।

# लायंस क्लब जनपद उन्नति ने शिव-पार्वती के साथ मनाया तीज उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लायंस क्लब मुजफ्फरनगर 'उन्नति' द्वारा तीज महोत्सव का भव्य आयोजन मूलचंद रिजॉर्ट में उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'बॉलीवुड' रखी गई, जिसमें सभी सदस्य पारंपरिक परिधानों में सजधज कर पहुंचे। महिलाएं लाल-हरी साडियों में और पुरुष लाल-हरे कुर्ता-पायजामे में नजर आए।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात क्लब अध्यक्ष लायन अमित मित्तल ने सभी को तीज की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संयोजन लायन प्रतिभा बंसल और लायनेड प्रगति मित्तल के निर्देशन में हुआ, जिसमें पूर्व अध्यक्ष लायन मनीष बंसल का भी सहयोग रहा।



बाल कलाकार काव्या मित्तल और आराध्या बंसल द्वारा प्रस्तुत 'शिव-पार्वती नृत्य' ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लायन और लायनेड सदस्यों ने बॉलीवुड गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए और मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं गेम्स का भी भरपूर आनंद लिया।

तीज उत्सव में डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट एम्बेसडर सीए लायन अजय अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर लायन रीना अग्रवाल, जोन चेयरमैन सीए लायन मनीष बंसल, पूर्व रीजन चेयरमैन लायन अतुल ऐरन व तनुजा ऐरन, लायनेड सुनीता कंसल, लायन दीप व ममता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लायन निखिल मित्तल, लायनेड शालू मित्तल, लायन मनीष जैन व अर्चना जैन, लायन हिमांशु गुप्ता व सोम्मया गुप्ता, लायन डॉ. प्रवेश, लायन अनुपमा, लायन दिनेश गर्ग व नेहा गर्ग, लायन मुकुल गोयल, नीतू गोयल, लायन सचिन व खुशबू गोयल, लायन अनुज मित्तल एवं रूचि मित्तल लायन नितिन व प्रगति गोयल, लायन आक. ाश व निधि अग्रवाल, लायन राजेश मित्तल व अनुराधा मित्तल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 2100 छात्राओं ने एक साथ किया योगाभ्यास

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसम पाल के निर्देशानुसार में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर, मुजफ्फरनगर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में दो दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक रवि कुमार व पूनम वर्मा द्वारा बालिकाओं को योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बालिकाओं को संतुलित आहार विहार,नियमित दिनचर्या तथा संचारी रोग के लक्षण व बचाव के विषय में जानकारी दी गई । इस शिविर में प्रधानाचार्या डॉक्टर डॉख वंदना शर्मा, शारीरिक शिक्षा विषय की शिक्षिका सीमा सिंह व कॉलेज के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा । दो दिवसीय शिविर में कुल लाभान्वित बालिकाओं की संख्या लगभग 2180 रही।



# सपा नेता सत्येंद्र पाल का कद तय करेगी 10 अगस्त की विशाल पीडीए पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** विधानसभा बुढाना क्षेत्र में मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित फैज गार्डन बुढाना के भव्य मैदान में आगामी 10 अगस्त को होने जा रही विशाल पीडीए पंचायत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल का कद तय करेगी। पीडीए पंचायत की सफलता के लिए सपा नेता सत्येंद्र पाल ने फिल्ड में उतरकर काम करना शुरु कर दिया है। सपा नेता रात दिन बुढाना विधानसभा क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों से संपर्क साधने में लगे हैं। उनका यह प्रयास यहां की गुटबंदी को भी खत्म करने का काम करेगा ऐसा प्रतीत हो रहा है। इस पंचायत में पिछडे वर्ग, दलित और अल्पसंख्यकों के साथ साथ अन्य वर्ग भी हिस्सा लेने को आतुर दिखाई पड रहा है क्योंकि अन्य वर्ग इस पंचायत में पिछडे, दलित और अल्पसंख्यकों को एक मंच पर देखकर सपा की और अग्रसर होगा ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। बुढाना विधानसभा क्षेत्र में वैसे तो फिलहाल रालोद का प्रतिनिधि है लेकिन इस बार बदलाव हो इसके लिए जनता कमर कसने का काम कर रही है। लोगों का कहना है कि जितना अत्याचार योगी सरकार में पिछडों, दलितों और अल्पसंख्यकों का हो रहा है उतना उत्पीडन इससे पहले की सरकारों में बिल्कुल भी नहीं हुआ। सपा नेता सत्येंद्र पाल इस बार इस बुढाना विधानसभा की तस्वीर बदलने के इच्छुक हैं बशर्ते अगर उनको पिछडे, दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ साथ हर अन्य वर्ग के लोगों का थोडा थोडा सा समर्थन भी मिला जाए तो परिणाम चौंकाने वाले होंगे। खासकर यहां का पाल समाज भी अब भाजपा की चकाचौंध से ऊबकर समाजवादी पार्टी को अपना समर्थन देने का जो मंसूबा बनाए हुए है वो भी किसी से छुपा हुआ नहीं है। सत्येंद्र पाल इस पंचायत को सफल बनाने के लिए रात दिन जो मेहनत कर रहे हैं उससे पिछडा वर्ग बहुत ही खुश नजर आ रहा है। आगामी 10 अगस्त की पीडीए पंचायत में फैज गार्डन का पूरा मैदान खचाखच भर जाएगा ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। पीडीए पंचायत का संकल्प बुढाना विधानसभा क्षेत्र में सपा की लहर ला देगा यह उम्मीद हर व्यक्ति को दिखाई पड रही है। पीडीए पंचायत को लेकर विपक्ष की भी नजर बुढाना पर टिक गयी है। इस विशाल पंचायत में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उनका आने का प्रोग्राम फाइनल हो गया है। कुल मिलाकर आगामी 10 अगस्त की बुढाना कस्बे के फैज गार्डन में होने वाली विशाल पीडीए पंचायत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल का कद तय करेगी ऐसी चर्चा बुढाना विधानसभा क्षेत्र मे जोरों शोरों पर फैली हुई है।

## भाजपा नेता ने किया मेगा मानसिक हैल्थ कैंप का उद्घाटन

**बुढाना।** सीएचसी बुढ़ाना पर मेगा मानसिक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यान द्वारा फीता काटकर किया गया। भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यायन ने कहा कि ये बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्वास्थ विभाग द्वारा कैंप लगाकर किया गया अति सराहनीय है। ये महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि दिमागी रूप से बीमार व्यक्ति के लिए सही पहचान सही स्वस्थ सेवा नही मिल पाती थी लेकिन वर्तमान की केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकारों ने स्वास्थ विभाग में जो काफी कार्य किए हैं वे सीधे आम लोगों तक पहुंच रहे हैं। विनीत कात्यायन ने उपस्थित आमजन महिलाओं व रोगियों को मानसिक रोग को समझने से लेकर उसके उपचार के बारे में सरकार द्वारा जो भी सुविधा जिला अस्पतालों में उपलब्ध है उनके बारे में सबको विस्तार से समझाया। इस कैंप में डॉक्टर अर्पण जैन और डॉक्टर मनोज कुमार के द्वारा मानसिक रोगों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। डॉक्टर अर्जुन सिंह प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक बुढाना ने बताया कि यह अन्य बीमारियों की तरह ही एक रोग है। यह अंध. विश्वास से उत्पन्न कोई विकार नहीं है। मानसिक रोगी भी ठीक हो सकता है और सामान्य जीवन जी सकता है। सहयोग करने में राजेंद्र, सुभाष और अभिषेक ने भूमिका निभाई। यहां भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भारत ठाकुर, सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम व आकाश ठाकुर आदि भाजपाई मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं राजेश पुत्र सिपट्टर उर्फ सिपत्तर निवासी ग्राम राजपुर छाजपुर थाना व तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र मोहित व उसकी पत्नी श्रीमति सताक्षी आये दिन मुझे, मेरी पत्नी व मेरे छोटे पुत्र के साथ अभद्र व्यवहार, गाली गलौच और मारपीट करते रहते हैं। काफी समझाने पर भी मोहित व उसकी पत्नी श्रीमति सताक्षी नही मानते। में अपने पुत्र व पुत्रवधू की हरकतों से तंग हूं। इसलिए में अपने पुत्र मोहित व पुत्रवधू सताक्षी को उनके अभद्र व्यवहार से दुखी होकर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का अपने पुत्र मोहित व उसकी पत्नी श्रीमति सताक्षी से कोई मतलब वास्ता नही होगा और न ही में अपने पुत्र व पुत्र वधू के किसी भी गलत कृत्य का जिम्मेदार हूं।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र अर्जुन व उसकी पत्नी श्रीमती अलका मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गये है। इसलिए मैने इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**गजे सिंह पुत्र श्री सुरता**
**निवासी- बेहडा आस्सा,**
**थाना सिखेडा,**
**तहसील जानसठ**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा भाई देवांकुर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हो गया है और घर में लड़ाई झगडा रखता है और अपनी मन मर्जी करता है मैं व मेरा पुरा परिवार देवांकुर की नाजायज हरकतों से तंग व परेशान आ चुके है इसलिए मैने व मेरे परिजनों ने देवांकुर से अपने समस्त पारिवारिक संबंध खत्म कर लिए है। अब देवांकुर के किसी भी लेन देन व वाद विवाद के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने किए का खुद जिम्मेदार होगा।

**दीपांकुर त्यागी**
**पुत्र सुरेश चंद त्यागी,**
**निवासी-231, इन्द्रा कॉलोनी,**
**थाना सिविल लाइन,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# भड़काऊ पोस्ट डालने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कांवड यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर साम्प्रदायिक भावनाएं भड़का कर शान्ति भंग करने का प्रयास मुस्लिम युवक द्वारा किया गया। पुलिस ने मामले मे तत्काल संज्ञान लेकर आरोपी युवक को गिरफ्तार मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे नई बस्ती मोहल्ला के दरियाबाद बाग के पास निवासी युवक शहजाद पुत्र फैयाज को पुलिस ने मंगलवार की शाम गिरफ्तार किया है। जिसके द्वारा सोशल मीडिया ऐप पर अपने फेसबुक अकाउंट पर कांवड यात्रा को लेकर बेहद आपत्ति जनक पोस्ट वायरल की गयी जिसके बाद



पुलिस ने संज्ञान लिया है। थाना भोपा पर पहुंचे एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया की युवक शहजाद इदरीसी द्वारा पोस्ट की गयी आपत्ति जनक पोस्ट कर साम्प्रदायिक भावनाएं भड़काने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं मे मुक. दमा दर्ज किया है। जांच के दौरान पाया गया है की आरोपी शहजाद अक्सर इस प्रकार की पोस्ट वायरल करता रहता है।जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। आरोपी के मोबाइल को कब्जे मे लिया गया है। मोबाइल मे कई भड़काऊ वीडियो मौजूद हैं। आरोपी एक राज मिस्त्री है। आरोपी ने स्वयं को प्राथमिक शिक्षा प्राप्त बताया है। पुलिस आरा. पी के सोशल मीडिया अकाउंट की गहनता से जांच कर रही है। शान्ति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करने को ख्रढ़ संकल्प लिये हुए है।

## छोटा हाथी ई-रिक्शा की भिड़ंत में कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** छोटा हाथी और ई-रिक्शा की भिडंत में कई सवारियां ाायल हो गयी। सभी ाायलों को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। मिली जानक. ारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला में स्थित नहर की पुलिया के समीप एक छोटा हाथी वाहन और एक ई-रिक्शा में अचानक से आमने सामने की टक्कर हो गयी। जिसमें राम कुमार निवासी गांव मंदवाड़ा और मनोज कुमार ई रिक्शा चालक निवासी गांव जौला घायल हो गये। इस घटना की सूचना पर जौला यूथ क्लब के कुछेक वरिष्ठ पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को गांव में ही स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराकर घटना की सूचना दोनों चालकों के परिजनों को दे दी। गलती ई-रिक्शा की बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस को नबी दी गयी। आज मंगलवार की सुबह दोनों को उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गयी। घटना बीती सोमवार की देर रात की बताई गयी है। इस ाटना में ई-रिक्शा का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की खबर है।



माँ को कांवड़ में बैठाकर गंगाजल लाते दिल्ली के दो भाई। छाया: तबरेज खान।



मुजफ्फरनगर: एटीएस के जवानों ने संभाली कांवड़ सुरक्षा की कमान।



मुजफ्फरनगर: शिव की महिमा का गुणगान करते कांवड़ियों की टोली।

## पिता की परंपरा को निभा रहे बेटे मां को कांवड़ में बैठाकर लाए गंगाजल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सावन मास में शुरू हुए कावड महाकुंभ में सेवा की अद्भुत मिसाल देखने को मिल रही है दो भाइयों ने अपने पिता की परंपरा को कायम रखते हुए अपनी मां को कांवड में बैठाकर हरिद्वार से दिल्ली तक की पैदल यात्रा शुरू की है। दिल्ली नजफगढ़ निवासी आकाश ठाकुर और सुमित ठाकुर। इन दोनों ने अपने दिवंगत पिता की परंपरा को जीवंत करते हुए कावड उठाई है। आकाश और सुमित के पिता वर्षों तक अपनी मां को कांवड में बैठाकर गंगाजल लेकर आते थे। अब वही परंपरा उनके पुत्रों ने अपनाई है। आकाश ठाकुर ने बताया कि वह वर्ष 2012 से कांवड यात्रा कर रहे हैं, लेकिन अपनी मां को कांवड में बैठाकर यह उनकी दूसरी यात्रा है। दोनों भाई हरिद्वार की पावन हर की पौडी से गंगाजल लेकर प्रतिदिन करीब 15 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं। आकाश बताते हैं कि उनके पिता ने 15 से अधिक बार कांवड यात्रा पूरी की थी। उन्हीं से प्रेरणा लेकर वह और उनके भाई यह सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हहमारा मकसद है माता-पिता की सेवा करना, नशे से दूर रहकर सादा और संयमित जीवन जीना। हमारी मां की बस यही इच्छा है कि हम सुरक्षित और सकुशलघर पहुंचें। भक्ति, सेवा और संस्कार की इस अद्भुत यात्रा ने राहगीरों और अन्य भक्तों का भी ध्यान खींचा है। यह अनूठी परंपरा न केवल परिवार में संस्कारों की गहराई को दर्शाती है, बल्कि समाज को भी एक प्रेरणादायी संदेश देती है कि सच्चा धर्म सेवा में ही निहित है।

## मासूम बच्चों के साथ पिटाई का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव सैदनगला निवासी एक बेरहम पिता द्वारा अपने मासूम बच्चो के साथ मारपीट की वीडियो वायरल होने से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया, क्षेत्रवासी बेरहम पिता की चारो और निंदा करते नजर आए।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सैदनगला निवासी अमीर आलम प्रतिदिन अपने छोटे छोटे बच्चो के साथ मारपीट करता आ रहा है गांव के ही किसी व्यक्ति द्वारा बच्चो के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए इस बेरहम व्यक्ति की वीडियो बनाई गयी।

मासूम बच्चो के साथ मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल होने पर क्षेत्र मे हड़कंप मच गया वही क्षेत्रवासी बेरहम अमीर आलम के इस कृत्य की चारो और निंदा करते हुए यह कहते नजर आए की इस कलयुग मे सब कुछ जायज है जहाँ संसार मे पिता के लिए औलाद से कीमती कोई चीज नहीं होती वही कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने ही मासूम बच्चो के साथ दिन प्रतिदिन मारपीट करने की घटना से जहाँ पड़ोसी और गांव वाले आजिज आ चुके है वही इस बेरहम पिता द्वारा अपने ही बच्चो के साथ मारपीट करने की घटना से हर कोई दुखी है वही जब पिता द्वारा एक बच्चे के साथ मारपीट की जाती है और उस बच्चो को दूसरा बच्चा पिता के चंगुल से छुड़ान जाता है तो पिता द्वारा उस छुड़ाने वाले बच्चे के साथ भी मारपीट की जाती है और सभी बच्चे अपने बेरहम पिता के इस कृत्य से पूरी तरह दुखी है और बच्चो को हर कोई दिलासा देता नजर आ रहा है वही क्षेत्रवासियो ने पिता के प्रकोप से बच्चो को निजात दिलाने की माँग की है।

## विदेश में नौकरी पाने के लिए पीड़ित ने गंवा दिए 1.74 लाख रुपये

**बैंक ने किया खाता सीज, जांच के बाद मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विदेश भेजने का लालच दिखाकर आरोपियों ने पीडित के बैंक खाते से 1.74 लाख रुपए का लेनदेन कर दिया। सूचना के बाद बैंक ने उसका एकाउंट फ्जि कर दिया। पीडित ने साइबर थाने में मामले में शिकायत की। उसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी नदीम सऊदी अरब में तीन साल नौकरी करने के बाद वापस भारत लौट आया था। पीडति नदीम ने अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए जनसेवा केन्द्र चलाया, लेकिन मुनाफा न होने पर उसने सऊदी अरब जाने का प्लान बनाया। आरोप है कि उसके पास नौमान नाम का एक युवक आता रहता था। उसने उसे सऊदी अरब भेजने की बात कही थी, लेकिन किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गयी। आरोप है कि उसके बाद उसके पास शाहबाज निवासी इदरीशपुर बडौत का फोन आया। उसने उससे कहा कि अगर सऊदी अरब जाना चाहते हो तो उससे आकर नोएडा में मुलाकात करो।

पीडित अपने सारे दस्तावेज लेकर नोएडा में पहुंच गया। वहां होटल में उसकी मुलाकात शाहबाज, पोनू निवासी गाजियाबाद, शाहवेज व सचिन उर्फ सौरभ से हुई। आरोपियों ने उसके दस्तावेज देखकर बताया कि उसकी बैंक स्टेटमेंट काफी कम है, इस कारण उसका वीजा नही लग पाएगा। आरोपियों ने उसे झांसा दिया कि वे उसके बैंक में पांच लाख रुपए डालकर निकाल लेगे, जिससे बैंक स्टेटमेंट अच्छी हो जाएगी। आरो. पियों के झांसे में आकर पीडित ने अपने बैंक एकाउंट की जानकारी आरोपियों को दे दी। उसके अगले दिन उसके पास बैंक एकाउंट के फ्जि होने का मैसेज आया। उसने बैंक पहुंचकर पता किया तो जानक. ारी हुई। उसके बैंक खाते से लेनदेन के कारण फ्जि किया गया है। उसकी जीमेल पर स्टेटमेंट आयी कि उसके बैंक एकाउंट से तीन ांटे के भीतर 1.74 करोड रुपए का लेनदेन किया गया है। पुलिस ने तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## भक्ति के रंग में रंगा हरिद्वार से दिल्ली तक का हाईवे

**शहर की गलियों में भी गूंजने लगी शिव भक्तों की गूंज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गोमुख व हरिद्वार से कांवड लाने वालों कांवडयों की गंज से जहां हरिद्वार से लेकर दिल्ली तक का हाईवे भक्तिमय नजर आ रहा है, वहीं अब शहर शहर की गलियों में भी शिव भक्तों की गुज सुनाई देने लगी है।सावन के पहले सोमवार को हजारों की संख्या में कांवडयों का आगमन हुआ, जो मंगलवार को भी जारी रहा। शिव चौक पर पहुंचकर परिक्रमा करते हुए पूजा अर्चना कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। यह कांवडयि गोमुख व हरिद्वार से कांवड लेकर पैदल आ रहे हैं। इन दिनों जैसे बरसात का मौसम है, तो कांवडिये गर्मी व बरसात की परवाह किए बिना ही आगे बढ रहे हैं। भगवान शिव का गुणगान करते हुए और जयाोष करते हुए कांवडयि हरिद्वार से पैदल चलते हुए कांवड मार्ग से आगे बढते ही जा रहे हैं। बझेडी फाटक से होकर शहर में प्रवेश करने वाले हजारों कावडिये नगर में लगाए गए शिविरों में आराम करते हैं। आराम करने के बाद नहाकर अपनी कांवड की पूजा अर्चना करने के पश्चात कांवड को कंधे पर रखकर शिव चौक पहुंचते हैं। यहां वह भगवान आशुतोष की परिक्रमा कर पूजा अर्चना कर अपने-अपने क्षेत्र की ओर भगवान शिव का जयाोष करते हुए आगे बढ रहे हैं। रावण का वेश धर तो कोई शिव को कंधे पर ला रहा कांवड हरिद्वार से कांवड लेकर आने वाले कांवडयिों में एक-दूसरे से आकर्षक दिखने के लिए होड लगी है।नगर में पहुंचे कांवडयिों में दिल्ली के बुराडी निवासी मोहित त्यागी रावण का भेष धर कर पहुंचे। वहीं कुछ कांवडयिों ने अपने कंधे पर भगवान शिव को लेकर पहुंचे। कुछ कांवड तो 12 फीट से ऊंची भी नगर में पहुंची। यह कांवडयि 51 लीटर गंगाजल से 180 लीटर गंगाजल तक लेकर अपने साथियों के साथ नगर में पहुंच रहे हैं।

## कांवड़ शिविरों में परखी सुरक्षा व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर।** बारिश के बाद पानी में फैले करंट से मदीना चौक पर हाल ही में समद पुत्र नूर मोहम्मद की मौत के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जिला प्रशासन ने कांवडियों की सुरक्षा के मद्देनजर कांवड मार्ग पर पडने वाले विद्युत पोल और कांवड शिविरों की विद्युत व्यवस्था परखी।

सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड और सीओ सिटी ने नगर पालिका और विद्युत विभाग की टीम के साथ मीनाक्षी चौक से मदीना चौक तक के मार्ग की व्यवस्था परखते हुए कई स्थानों पर विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से पोल पर प्लास्टिक लिपटवाई। साथ ही अन्य कमियों को पूरा करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड ने बताया कि विद्युत पोल, खुले तार, और कांवड शिविरों में विद्युत कनेक्शन की सुरक्षा की नियमित जांच की जा रही है। जो कमियां चिन्हित हुई हैं, उन्हें शीघ्र दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी और फॉलोअप निरीक्षण भी जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने ने कांवड सेवा शिविर आयोजकों और विद्युत विभाग से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की ढिलाई से बचा जाए, ताकि किसी भी दुाटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## पति व डॉक्टर सहित नौ पर मुकदमा

**गर्भवती महिला ने ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक गर्भवती विवाहिता ने अपने पति, ससुर सहित चार लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। पति व ससुर ने उसके पेट पर लात मारी। पुलिस ने मामले में पति व दो डॉक्टरों सहित नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

खालापार क्षेत्र निवासी एक युवती व उसके परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को एक लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी 29 जून 2024 को चरथावल क्षेत्र निवासी असजद के साथ हुई थी। परिजनों ने 40 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बाद भी उससे लग्जरी कार व 21 लाख की मांग की जा रही थी। दबाव बनाने पर पांच लाख रुपये दिए गए। महिला के पति ने मुजफ्फरनगर में एक प्राइवेट अस्पताल किराए पर लेकर पीडिता को रिसेप्शन पर रख लिया। आरोप है कि वहा डॉक्टर आहद ने उसके साथ छेड़छाड की। शिकायत करने पर ससुराल वालों न डॉक्टर की बात मानने का दबाव बनाया। उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाद में महिला को लेकर उसका पति किराए पर कमरा लेकर रहने लगा। आरोप है कि 11 जुलाई को महिला को अस्पताल में बुलाया गया। वहां पर पति असजद, ससुर, डॉक्टर आहद, डॉक्टर परवीन ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पीने को दी। उसके साथ मारपीट की। पति व ससुर उसके पेट पर लात मारी। सूचना देने पर परिजन पहुंचे और उन्होंने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। विवाि. हता ने पति पर फर्जी डॉक्टर होने का आरोप लगाया। शहर कोतवाली पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## फायरिंग प्रकरण मे गिरफ्तारी न होने से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल इस्टाग्राम पर हुई बहस के बाद हेबतपुर निवासियों द्वारा चरथावल के मलहुवाला मे पहुंचकर खुलेआम फायरिंग की घटना से जहाँ क्षेत्र मे हड़कंप मच गया था वही अवैध हथियारों को लहराते हुए और फायर करने की वीडियो आरोपियों द्वारा फेसबुक पर भी अपलोड कर पुलिस को खुलेआम चुनौती दी थी स जिसके बाद पुलिस द्वारा चरथावल निवासी सुहेल की तहरीर पर दो नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन योगीराज मे भी खुलेआम फायरिंग की ाटना से जहाँ पुलिस की कार्यप्रणाली की पोल खुल गयी थी वही अभी तक भी फायरिंग के आरोपियों की गिरफ्तारी न होना से क्षेत्र मे तरह तरह की चर्चा फैल रही हैस आरोपियों द्वारा की जाने वाली खुलेआम फायरिंग का शिकार कोई भी क्षेत्रवासी हो सकता था वही अभी तक भी फायरिंग के आरोपियों की गिरफ्तारी न होना चरथावल पुलिस की कार्यप्रणाली को खुद ब खुद बया कर रहा है स बड़े बड़े अपराधी जहाँ इस समय भूमिगत है वही फायरिंग के आरोपियों के सामने चरथावल पुलिस पूरी तरह नतमस्तक नजर आ रही है।

## पड़ौसियों पर मारपीट का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** पडौसियों के हमले के शिकार महिला ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

प्रेमपुरी निवासी विपिन ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उनकी पत्नी नीलम घर के बाहर सफाई कर रही थी । तभी पास में रहने वाली महिला सविता ने अपने दरवाजे के बाहर पानी डाला जो उनके घर के सामने आ गया। इसका विरोध करने पर सविता व उसके पति गुलाब, दो बेटे वंश और रुद्र भी आ गए। तीनों ने उसकी पत्नी के साथ हाथापाई व मारपीट की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद



ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Ph. 9027879829, 9411626066


## कातिलाना हमले में दो को दस-दस वर्ष की कैद

**न्यायालय ने 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने कातिलाना हमले के मामले में सुनवाई करते हुए सबूत व गवाहों के आधार पर दो युवकों को दस-दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उन पर 25-25 हजार रूपयें का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला 2018 से कोर्ट में विचाराधीन था।

नई मंडी कोतवाली में पीड़ित व्यक्ति ने सोलह मई 2018 को एक तहरीर देते हुए बताया था कि चौदह मई 2018 को सिलाजुड्डी निवासी राहुल पुत्र ओमपाल व आशु उर्फ आशुतोष पुत्र विकरम ने उसके भाई रईस पर हत्या के इरादे से फायर किया है जिससे गोली लगने से वह घायल हो गया था। पुलिस ने पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था और इस मुकदमे में 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत धारा बढ़ाई गई थी।

नई मंडी पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए सत्रह मई 2018 को आशु उर्फ आशुतोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि इसके बाद पुलिस ने 25 जून 2018 को विवेचना पूर्ण करते हुए व छानबीन के बादन्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इस मुकदमें की पैरोकारी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप पुण्डीर द्वारा की गई।

यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट प्रथम के यहां विचाराधीन था। इस मुकदमें में दोनो ओर से दोनो पक्षों के वकीलों ने अपना-अपना पक्ष न्यायाधीश के समक्ष रखा। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने घटना से संबंधित गवाह व कुछ सबूत पेश किए। कोर्ट में इस मामले को गंभीरता से सुना गया आरोप सिद्ध होने के बाद कोर्ट ने राहुल व आशु उर्फ आशुतोष को दोषी माना। इसके बाद दोनो को दस-दस वर्ष के कारावास और 25-25 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।


**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# डीएम-एसपी ने रात्रि में कांवड़ मार्ग का किया गहन निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** डीएम-एसपी ने कांवड़ मार्ग पर पैदल भ्रमण करके शिवभक्तों के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पूरी सतर्कता के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने को कहा है। साथ ही, लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही की भी चेतावनी दी है।



श्रावण मास के शुरू होने के साथ ही क्षेत्र से गुजरने वाले शिवभक्त कांवड़ियों का सिलसिला आरंभ हो गया था। दिन-प्रतिदिन कैराना क्षेत्र से गुजरने वाले हरियाणा व राजस्थान आदि स्थानों के पैदल कांवड़ियों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। ऐसे में कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन की चुनौतियां भी बढ़ने लगी है। हालांकि पुलिस-प्रशासन कांवड़ यात्रा को लेकर काफी गम्भीर व सतर्क नजर आ रहा है। इसी के मद्देनजर सोमवार रात्रि करीब दस बजे डीएम अरविंद चौहान व एसपी रामसेवक गौतम कांवड़ पथ का निरीक्षण करते हुए यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज तक पहुंचे। जहां पर उन्होंने पैदल भ्रमण करके शिवभक्तों के लिए स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा की गई प्रकाश, चिकित्सा, भोजन, पेयजल, शौचालय, स्नान व सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। डीएम ने यमुना घाट पर कांवड़ियों के स्नान के लिए की गई बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की। उन्होंने शिवभक्तों के लिए लगाए गए चिकित्सा शिविर में उपलब्ध दवाइयों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता को भी परखा। डीएम-एसपी ने कांवड़ मार्ग की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति के बारे में जानकारी की। डीएम ने यमुना ब्रिज पुलिस चौकी के अंदर मॉनिटरिंग के लिए लगाई एलसीडी की स्थिति को देखा। डीएम ने महिला श्रद्धालुओं के लिए यमुना किनारे बनाए गए चेंजिंग रूम की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान इस वर्ष भी बड़ी संख्या में कांवड़ियों के क्षेत्र से आवागमन की उम्मीद है, जिसे लेकर सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए है। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, सीओ श्यामसिंह, बीडीओ रोहतास कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, नपा ईओ समीर कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

**एसडीएम के सीयूजी नंबर पर रिसीव नही होती साधारण कॉल**

श्रावण मास की कांवड़ यात्रा धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रही है। क्षेत्र से गुजरने वाले शिवभक्त कांवड़ियों की संख्या में भी निरन्तर वृद्धि हो रही है। कांवड़ पथ पर पुलिस-प्रशासन द्वारा शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए तमाम व्यवस्थाएं की गई है। लेकिन इसी बीच एसडीएम कैराना के रूखे व्यवहार को लेकर भी आमजन में आक्रोश है। आरोप है कि एसडीएम कैराना के सीयूजी नंबर पर अधिकतर कॉल रिसीव नही की जाती। ऐसे में कांवड़ यात्रा के दौरान तहसील स्तर के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कॉल रिसीव न करना न्यायोचित प्रतीत नही होता। विषम परिस्थितियों, हादसे, दुर्घटना अथवा व्यवस्था सुधार हेतु सूचना दिए जाने के सम्बंध में आमजन के पास सीयूजी नंबर ही एकमात्र विकल्प है।

# समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम योगी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** अखिल भारतीय समस्त बावरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बढेरा के नेतृत्व में तीन सदस्ईय प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मौके पर विमुक्त घुमंतु अर्द्ध घुमंतु समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का आग्रह किया।



क्षेत्र के गांव अहमदगढ़ निवासी दीपक बढेरा के नेतृत्व में विमुक्त घुमंतू अर्द्ध घुमन्तू जनजा. ति कल्याण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल 13 जुलाई को लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। दिए पत्र में बताया कि आजादी के 75 साल बाद भी विमंतु घुमंतु अर्द्ध घुमंतू शोषित एवं पीड़ित समाज है, जो हमेशा जीवन भर समाज की मुख्य धारा के निचले पायदान पर रहता आया है। इनके उत्थान के लिए कई बार कानून बनाए गए मगर कोई प्रभाव नहीं हुआ और भारत सरकार ने भी अंग्रेजों द्वारा बनाए गए 1500 कानून को खत्म कर दिया जिसके अंतर्गत इन्हें ज्यादातर जेल में रखा जाता था। वर्ष 2011 की जनगणना में इन समाज के लोगों की यह जनसंख्या 15 करोड़ होती थी जो अब करीब 20 करोड़ के आसपास है।

समाज के इन वर्गो के लोगों पर अंग्रेजों द्वारा बनाया गया जरायम पेशा एक्ट के बाद लगा हेफजुएल अफेंडर एक्ट नाम का काला कानून आज भी इस देश में लागू है। जिसे समाप्त किया जाना चाहिए। इस समाज के सुधार के लिए आयोग और बोर्ड का गठन किए जाने, अलग से आवासीय विद्यालय खोलने, बिना छत वाले लोगों को उनके रहने के लिए छत दिए जाने, समाज के 90 प्रतिशत भूमिहीन लोगो को पट्टे दिए जाने की मांग की गई है।

प्रतिनिधि मंडल में विमुक्त घुमंतू अर्द्ध घुमन्तू जनजाति कल्याण संघ के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दीपक बढेरा, घुमंतू जनजा. ति परिषद के प्रांत संयोजक राजेश कुमार, बहराइच से सुंदरलाल पत्थर व हेम सिंह बावरिया मौजूद रहे।

**दीपक बढेरा ने जताई उम्मीद**

मुख्यमंत्री से मिलने के बाद दीपक बढ़ेरा ने कहा कि समाज के लोगों को अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से काफी उम्मीदें हैं और इस मुलाकात से अधिकांश लोग संतुष्ट हुए हैं। और उनके अंदर आशा की किरणें जागृत हुई है। दीपक ने उम्मीद जताई कि अब समाज का नया सवेरा अवश्य होगा।

# योग शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में नगर पालिका की ऊपरी मंजिल पर स्थित योग साधना केंद्र में प्रतिदिन प्रात: निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया।

योग शिविर में साधकों को बताया कि बरसात के मौसम में बदलते वातावरण और बढ़ती नमी के कारण पाचन तंत्र की गड़बड़ी, खांसी-जुकाम, डायरिया, सांस लेने में तकलीफ, शरीर में अकड़न जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए शिविर में योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है।



आज की साधना का संचालन योग प्रशिक्षक राजेश गुलाटी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया, वहीं प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा द्वारा कराया गया। शिविर में नगर की अनेक साधक-साधिकाएं भाग लेकर नियमित योग से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कविता गुप्ता ने बताया कि वह पिछले एक माह से नियमित रूप से योग साधना कर रही हैं।

उन्हें अर्थराइटिस और घुटनों में गैप की समस्या थी, लेकिन अब योग से उन्हें 60 से 70 प्रतिशत तक आराम है और वे वज्रासन जैसी स्थिति में भी सहजता से बैठ पा रही हैं। शिविर में ऋषिपाल गोयल, अजय शर्मा, सरवन सिंगल, सुभाष शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक वशिष्ठ, जयपाल सिंह, रमेश बजाज, अरविंद मलिक, कविता गुप्ता, शिक्षा शर्मा, साक्षी गुलाटी, विदुषी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पहचान बनानी है तो अपनी आत्मा से बनाओ: विव्रत सागर महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैन संत विव्रत सागर महाराज ने कहा है कि अगर जीवन में अपनी पहचान बनानी है तो अपनी आत्मा से बनाओ जो समय-समय पर सुरक्षा व आपका कल्याण करेगी।

दिगम्बर जैन धर्मशाला में चल रहे चातुर्मास में श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए जैन संत विव्रत सागर महाराज ने कहा कि इस संसार में प्रत्एक जीव अपने को योग्य बनाने में लगा हुआ है, योग्य बनने के लिए उपक्रम करता रहता है योग्य बनने के लिए सबकुछ किया लेकिन यही छोड़कर सब कुछ चला गया। संसार में अगर कोई योग्य है तो वह देव, शास्त्र और गुरु है। उन्होंने कहा कि जिसके आठ कर्मों का नाश नहीं हुआ है वही मार्ग पर लगे हुए हैं। हम जन्म से लेकर अंत तक अपनी पहचान बनाने में लगे हुए हैं।

## एक नजर

### चेयरमैन व ईओ ने किया गंगा जल का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शिवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए नगर पालिका द्वारा नगरवासियों के लिए पवित्र गंगाजल वितरण की शुरुआत की गई है। गंगा. जल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल एवं ईओ विनोद कुमार सोलंकी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह कार्यक्रम आगामी 23 जुलाई तक जारी रहेगा। चेयरमैन अरविन्द संगल व ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि नगर पालिका की एक पांच सदस्ईय टीम 8 जुलाई को हरिद्वार के हर की पौड़ी से विशेष रूप से गंगाजल लेकर शामली पहुंची है। यह गंगाजल उन श्रद्धालुओं के लिए है जो किसी कारणवश हरिद्वार नहीं जा सके। पालिका कार्यालय से यह गंगाजल प्रतिदिन आमजन को वितरित किया जा रहा है ताकि वे शिवरात्रि के दिन भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी नगर पालिका ने श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार से गंगाजल मंगवाया है। यह पहल धार्मिक आस्था को सम्मान देने वाला एक प्रेरणादाई और सराहनीय कदम है। इस अवसर पर सभासद धुरेन्द्र निर्वाल, प्रमोद जांगिड, रोबिन गर्ग, तोहिद रहमानी, विनोद तोमर, सभासदपति संजय उपाध्याय, पंकज गुप्ता, सलमान अहमद, गुलजार मंसूरी, डॉ. मनोज उपाध्याय, अवर अभियन्ता कांत सिंह राणा, जलकल विभाग के अवर अभियन्ता हर्षित गर्ग, सफाई निरीक्षक अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### नया गांव शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस पर हुआ भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** श्यामली श्यामला के मजरा नया गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मंगलवार को मूर्ति स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के पूर्व चेयरमैन सरदार नवाब सिंह शामिल हुए। उन्होंने मंदिर समिति और ग्रामवासियों को इस धार्मिक आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम गांव में धार्मिक ऊर्जा और एकता को मजबूत करते हैं। सुबह मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें ग्रामीणों ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख-शांति की कामना की। भजन-कीर्तन और मंगल गान से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर महक सिंह प्रधान, पाला राम, सतीश कुमार, पदम सिंह, रविन्द्र कुमार सैनी, योगेन्द्र सैनी, रामधन सैनी सहित सैकड़ों ग्रामीण और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने मंदिर प्रांगण में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। आयोजन के सफल संच. ालन में युवाओं की अहम भूमिका रही, जिन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से सेवा कार्य किया।

# जैनों को पूजा का अधिकार दिए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैन मिलन शामली ने जूनागढ़ स्थित गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक पर जैनों को पूजा के अधिकार से वंचित करने पर कडा आक्रोश व्यक्त करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री से जैनों को पूजा का अधिकार दिए जाने की मांग की है। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन भी सौंपा गया।

मंगलवार को जैन मिलन शामली के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में गुजरात के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा तथा जूनागढ स्थित गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक पर जैनों को पूजा के अधिकार से वंचित करने पर कड़ा आक्रोश जताया। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को उनके धर्म के पालन की स्वतंत्रता प्रदान करता हैं लेकिन 2 जुलाई 2025 को जूनागढ़ स्थित गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक पर जिस स्थान से जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमीनाथ मोक्ष गए, वहां पर जैन समाज के लोगों को पूजा के अधिकार से वंचित कर दिया गया है, भगवान का जयकारा व निर्वाण लड्डू तक चढाने नहीं दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की लगभग 10 से अधिक स्थानों पर चे. कंग की गई तथा चढावे की कोई भी सामग्री ले जाने से इंकार कर दिया गया, वहीं महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई जबकि पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग तथा गुजरात सरकार दोनों ने स्पष्ट रूप से यह प्रमाणित किया है कि गिरनार की पंचम टोंक जैन तीर्थ है। ज्ञापन में एएसआई और राज्य सरकार गजेटियर के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने, अवैध दस्तात्रेय की प्रतिमा हटाने, निरनार की पांचवीं टोंक को संरक्षित जैन राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग की। इस मौके पर शरद जैन, वीरेश जैन, अंकित जैन, मुकेश जैन, राहुल जैन, संजय जैन, राजीव जैन, राजीव जैन एग्रो, पंकज जैन, संजय जैन आदि भी मौजूद रहे।



# हत्या का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सहारनपुर जिले के अम्बेहटा पीर निवासी महिपाल ने चार साल पहले अपनी बेटी मोनिका की शादी इंद्रानगर निवासी मनीष के साथ की थी।

परिजनों का आरोप है कि उन्होंने अपनी हैसियत से बढ़कर दहेज में जेवर, बर्तन, फर्नीचर, मोटरसाइकिल आदि दिया था, बावजूद इसके ससुराल पक्ष लगातार 15 लाख रूपए की मांग को लेकर मोनिका को प्रताड़ित करता रहा। महीपाल ने बताया कि शादी के बाद से ही मनीष, उसके पिता कृष्णपाल, मां रौशनी, भाई सोनू और चाचा राजपाल ने मो. निका का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया था। इसी विवाद के चलते 11 जुलाई को मो. निका को जबरन जहर पिलाया गया। उसे गंभीर हालत में करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई।

मोनिका की मौत की खबर पर जब परिजन इंद्रानगर पहुंचे तो आरोप है कि ससुराल वालों ने उन्हें ना सिर्फ बेटी को देखने से रोका बल्कि गालीगलौज और मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। मंगलवार को मृतका के पिता की तहरीर पर झिंझाना पुलिस ने मनीष समेत पांच आरोपियों पर दहेज हत्या, मारपीट, धमकी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। झिंझाना थाना प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरीफ अहमद उर्फ मनोरे का निधन

**नजीबाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरीफ अहमद उर्फ मनोरे नेता के निधन पर तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा डालते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके लिए दुआ ए मगफिरत की। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व जिला महासचिव श्रीमती दयावती, पूर्व नगर अध्यक्ष शजर तय्यब, पूर्व उपाध्यक्ष सुलेमान खान, अमजद सिद्दीकी, सचिव खालिक हुसैन, जसविंदर सिंह, शक्ति रॉय, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नावेद फरीदी, पूर्व उपाध्यक्ष फैज अहमद, युवा नेता फैसल, अरबाज दुर्रानी, भूपेंद सिंह, खालिद हुसैन, मुदस्सर खान, सुचित्रा देवी, राहुल कुमार, यास्मीन बेगम आदि अनेकों कांग्रे. सियों ने शिरकत की।

# घर से तीन लाख रुपये की नकदी और जेवरात चोरी, आगजनी कर लाखों का सामान किया स्वाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक मकान की ऊपरी मंजिल पर अचानक भीषण आग लग गई। पहले तो इसे महज एक हादसा माना गया, लेकिन जब आग बुझने के बाद मकान मालिक को अपनी सेफ अलमारी टूटी हुई और लाखों रूपए नकद व भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले, तो मामला सुनियोजित चोरी का शक पैदा कर गया।



यह घटना मंगलवार तड़के करीब 2 बजे की है। पीड़ित जमाल पुत्र अख्तर निवासी ग्राम गढ़ी अब्दुल्ला खान ने बताया मकान की ऊपरी मंजिल पर अचानक आग भड़क उठी। उस समय घर के सदस्य निचे सो रहे थे। ऊपरी मंजिल से आवाजें आने पर मुस्कान जाग गई और उसने अपनी मामी खुर्शीदा को जगाया। ऊपर पहुंचते ही पता चला कि कमरे में भीषण आग लगी है। महिला चीखते-चिल्लाते नीचे आइ और शोर मचाया। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दो सबमर्सिबल पंपों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। आग इतनी तेज थी कि उसे काबू में करने में काफी समय लग गया। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक ऊपरी मंजिल का सारा सामान कृ अलमारी, सन्दूक, बर्तन, कपड़े, फर्नीचर, फ्रिज, ड्रेसिंग टेबल आदि कृ जलकर खाक हो चुके थे। पीड़ित ने बताया मेरी पत्नी खुर्शीद और भांजी मुस्कान सिलाई का काम भी करती है हजारों रूपए के कपड़े लोगों के सिलने के लिए आए हुए थे वह भी जलकर राख हो गए।

मामले ने तब नया मोड़ ले लिया जब मकान मालिक को यह पता चला कि उसकी लोहे की सेफ अलमारी का दरवाजा टूटा हुआ है और उसमें रखी नकदी व जेवरात पूरी तरह गायब हैं। जानकारी के मुताबिक, सेफ में लगभग 3 लाख रूपए नकद और बेटी की शादी के लिए संजोकर रखे गए चांदी-सोने के आभूषण रखे थे। इनमें 3-3 जोड़ी चांदी की पाजेब, दस्तबंद, घड़ी चूड़ी, अंगूठियां और सोने के कुंडल शामिल थे।

पीड़ित जमील पुत्र अख्तर ने घटना के बाद अपने सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो एक संदिग्ध व्यक्ति खंभे के सहारे मकान की दीवार पर चढ़ता हुआ दिखा। चौंकाने वाली बात यह रही कि उसके कुछ ही क्षणों बाद सभी कैमरे अचानक बंद हो गए।पीड़ित ने बताया कि घर से कमरे में रखी आलमारी का दरवाजा तोड़कर उसमें रखी नगदी और जेव. रात चोरी किए गए और उसके बाद घर में तेल छिड़ककर आग लगाई गई है। पीड़ित ने चौकी में अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने तथा चोरी गई नकदी व जेवरात की बरामदगी की मांग की है।

## पालिका ने नियुक्त किए 12 कांवड़ मेला प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नपा प्रशासन ने कस्बे के 12 सभासदों अथवा उनके प्रति. निधियों को कांवड़ मेला प्रभारी नियुक्त किया है। नगर पालिका परिषद कैराना के अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने हेतु कस्बे के 12 सभासदों अथवा उनके प्रतिनिधियों को कांवड़ मेला प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिसमें शगुन मित्तल एडवोकेट, सागर गर्ग, महबूब अली, रईस अहमद, डाद्द बलवान, हारुण कुरैशी, तौसीफ अहमद, राजपाल सिंह, राशिद अहमद, मोहम्मद सालिम, इंतजार अहमद एवं शाहिद हसन के नाम शामिल है। नपा द्वारा नियुक्त किए गए प्रभारी कांवड़ मेला डडूटी में लगे पालिका कर्मचारियों से सामंजस्य स्थापित करके उनका मार्गदर्शन करेंगे।

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर नोडल अधिकारी नामित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ.प्र. एवं निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ.प्र. लखनऊ के संयुक्त पत्र दिनांक 30 जून,2025, निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उद्दप्रद्द लखनऊ के पत्र दिनांक 09 जुलाई, 2025,के क्रम में जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार सत्त विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रतिबद्ध हैं, जिनका उद्देश्य समावेशी, न्यायसंगत एवं सत्त विकास सुनिश्चित करना हैं। प्रदेश सरकार द्वारा स्टंटिंग दर में कमी लाने के तहत सम्भव अभियान 5.0 में स्टंटिंग की दर को कम करने पर विशेष बल दिया जा रहा हैं। सम्भव अभियान 5.0 के कार्यान्वयन हेतु निम्न लक्ष्य निर्धारित हैं। जिसके लिए सभी 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु नोडल अधिकारी नामित किए गए है, जिनके द्वारा दिनांक 15.7. 2025 को सम्बन्धित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जाना हैं। सभी नामित अधिकारियों द्वारा माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर, 2025 (3 माह) में नामित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहयोगात्मक निरीक्षण करना हैं एवं कुपोषित अतिकुपोषित बच्चों की निगरानी (स्टंटिंग) की जानी हैं।, वी.एच.एस.एन. डी. सत्रों पर स्टंटिड बच्चों का परीक्षण किया जाना है एवं उपचार दिलाया जाना है। इस संबंध में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने समस्त नामित नोडल अधिकारियों एवं समस्त कन्वर्जेन्स विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि कार्ययोजना के अनुसार 3 माह तक सम्भव अभियान 5.0 में सहयोग करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# नेशनल हाइवे पर मजदूर की बाइक फिसली, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाइवे पर चौपहिया वाहन से बचने के प्रयास में पानीपत कंबल फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की बाइक फिसल गई। हादसे में मजदूर को गम्भीर चोट पहुंची है।



ब्लॉक क्षेत्र गांव ऐरटी निवासी अमित हरियाणा के पानीपत कंबल फैक्ट्री में वाशिंग मशीन चलाने का कार्य करता है। मंगलवार को वह फैक्ट्री में काम करके बाइक से घर वापिस लौट रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह नेशनल हाइवे पर स्थित गांव पंजीठ के सामने पहुंचा, तभी एक चौपहिया वाहन से बचने के प्रयास में उसकी बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मामले की सूचना पर एम्बुलेंस-108 की गाड़ी मौके पर पहुंची तथा घायल को उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने घायल युवक को डिस्चार्ज कर दिया

# मानव को फल का लोभ नहीं करना चाहिए: रश्मि गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा आयोजित बाला जी धाम मे मासिक सुंदर कांड में समिति की अध्यक्ष रश्मि गर्ग ने कहा जो व्यक्ति शरीर, वाणी और मन से कोई भी कर्म करता है, लेकिन फल के लिए लोभ नहीं करता और कर्मों को भगवान को अर्पित करता है, वही सच्चा योगी है। हम लोगों के जीवन में यह देखा जाता है कि हम सब को आंतरिक शांति तो चाहिए लेकिन हमारे सारे प्रयास बाहर की तरफ ही होते हैं। ए तो ठीक ऐसा ही हुआ जैसे अंधेरा घर के भीतर है और हम घर की देहरी से बाहर दीप जलाकर उस अंधेरे से लड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सुख के क्षणों में अहंकार को जीतने वाला और दुख के क्षणों में धैर्य धारण करने वाला ही



वास्तव में इस जीवन रूपी महासंग्राम का एक सफल योद्धा है। दुख सहना ही नहीं अपितु सुख सहना भी जीवन की एक महान कला है। पुण्य कर्मों का अर्थ केवल वे कर्म नहीं जिनसे आपको लाभ होता हो अपितु वो कर्म हैं जिनसे दूसरों का भला भी होता है। पुन्य कर्मों का करने का उद्देश्य मरने के बाद स्वर्ग को प्राप्त करना ही नहीं अपितु जीते जी जीवन को स्वर्ग बनाना भी है। यदि हमने आदर्शों को, मूल्यों को अपने जीवन में उतारा तो वह दुनिया का सबसे प्रभावी उपदेश होता है। सत्य से प्रेम मत करो, मै तो कहूंगा कि प्रेम ही आपके जीवन का सत्य बन जाए। जीवन का घोड़ा निरंकुशता अथवा उच्छृंखलता का त्याग करके निरंतर प्रगति पथ पर अथवा तो अपने लक्ष्य की ओर दौड़ता रहे उसके लिए अपने हाथों में अनुशासन रूपी लगाम का होना भी परमावश्यक हो जाता है। संयम से जीवन जीने से आयु भी बढती है। योग के साथ रहने से चित्त भी प्रसन्न रहता है। विषय आयु को तो नष्ट करता ही है साथ में चित्त में अशांति और पुन: प्राप्त करने की आशा भी उत्पन्न होती है। आज अति भोगवाद भी व्यक्ति और विश्व की अशांति का प्रमुख कारण है किसी गिरे हुए को देख कर मन में दया का भाव उत्पन्न होना, उसकी ऐसी दुर्दशा देख कर मन का व्यथित हो जाना, यह करुणा है। और उस गिरे हुए को हाथ पकड़ कर उठाना, उसकी यथासंभव सहायता करना और उसे अपने गंतव्य (लक्ष्य) तक पहुंचा देना, यह कृपा है। इस अवसर पर शिल्पी अग्रवाल दीपिका अग्रवाल, कीर्ति, दीपा तायल, सुनिता अग्रवाल, पूजा जैन, शोभारानी, नेहा गोयल, रिया तायल, अनिता गोयल, सरोज देवी आदि मौजूद रही।

**नाम परिवर्तन/सूचना**

मैंने अपना नाम मेहमुदन (Mahmoodan) से बदल कर मेहमुदीन पत्नी स्वर्गीय लतीफ (MEHMUDEEN W/O Late Latif) कर लिया। भविष्य में, मुझे बदले हुए नाम से जाना जाए।
पता-मोहल्ला तलही, झिंझाना जनपद शामली उत्तर प्रदेश पिन कोड 247773

# मुठभेड़ में गौतस्कर को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक गो तस्कर को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस के कब्जे से एक अवैध हथियार, बाइक और गोवंश उपकरण भी बरामद किए हैं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूचना पर सीओ मुनीश चंद्र भी पहुंचे और जानकारी ली। फरार हुए बदमाश की तलाश में पुलिस जंगल में कांबिंग कर रही थी।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि वे आज पुलिस बल के साथ कलसिया उसण्ड रोड तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे इस दौरान पुलिस को काले रंग की मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जिस पर दो व्यक्ति सवार थे पुलिस ने उन्हें संदिग्ध मानते हुए बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया,मगर वह नहीं रुके और वे पुलिस पर फायर करते हुए नहर की पटरी की तरफ भागने लगे तो पुलिस ने भी उनका पीछा किया कुछ दूर जाकर उनकी मोटरसाइकिल गहरे गड्ढे मे गिर ने से दोनों नीचे गिर गए जैसे ही पुलिस वहां पहुंची तो एक बदमाश ने पुलिस पर अवैध असलाह से जानलेवा हमला किया पुलिस ने भी अपनी आत्मा रक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की तो मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि दूसरा बदमाश फायरिंग करता हुआ भाग गया। पुलिस ने घायल बदमाश को हिरासत में ले लिया और उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि दूसरा बदमाश जंगल की तरफ भाग गया । मुठभेड़ की सूचना मिलते ही सी ओ मुनीश चन्द्र एवं फोरेंसिक टीम भी पहुंची और मुठभेड़ होने की जानकारी की । पुलिस जंगल मे भागे बदमाश कीतलाश मे जुटी हुई थी।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने घायल बदमाश से जानकारी की तो उसने पुलिस को अपना नाम मोहसिन उर्फ बिल्सी पुत्र तहसील निवासी गांव ताजपुरा कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर बताया है। घायल व्यक्ति के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा दो जिंदा कारतूस 315 बोर एक काले रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और गोकशी के उपकरण भी बरामद हुए है।। पुलिस टीम मे सीओ मुनीश चंद्र कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, एस आई अजब सिंह , हैड कांस्टेबल संदीप कुमार भूपेन्द्र यादव शामिल रहे।

मुठभेड़ के संबंध मे सीओ मुनीश चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और शातिर गो तस्कर भी है इस के खिलाफ कोतवाली बेहट और कोतवाली मिर्जापुर में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज है। फरार बदमाश को जल्द ही पकड़ लिया जायेगा।

## तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर बच्चो के बीच मामूली कहासुनी को लेकर हुए विवाद में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव मलकपुर में बच्चो के बीच हुई मामूली कहासुनी को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना पर पीडिता आमना पत्नी अदनान निवासी मलकपुर द्वारा तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रविवार देर रात्रि बच्चो को लेकर हुए झगडे में आरोपी साजिद, वाजिद व शाकिब पुत्रगण इसरार ने लाठी डंडो से हमला कर पीडिता आमना व पति अदनान को मारपीट कर घायल कर दिया।

थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्रसैन सैनी ने बताया कि रात्रि में ही घायलों का मैडिकल करा लिया गया था तथा पीडिता की तहरीर पर तीनों आरो. पियों के विरूध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# मनमाने बिजली बिलों ने रुलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं को आ रहे मनमाने बिजली बिलों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दर्जनों महिलाओं ने बिजलीघर में पहुंचकर हंगामा काटा।

यहां मंगलवार को बिलों में भारी बढ़ोतरी से आक्रोशित महिलाओं ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही मंजूर परवीन, एहसान, अनीशा, मोबिना, दिलशाद और गुलिस्ता, नूरजहां, परवीन आदि दर्जनों महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके घरों का मासिक बिजली बिल लगभग 1000 के आसपास आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद से 3000 से लेकर 46000 तक पहुंच गई है। कई उपभोक्ताओं के बिल तो उनके वार्षिक उपभोग से भी कई गुना अधिक बताए गए हैं। महिलाओं ने स्मार्ट मीटर को जी का जंजाल बताते हुए कहा कि यह न तो पारदर्शिता लाता है और न ही उपभोक्ताओं को राहत देता है। बल्कि आमजन के लिए आर्थिक बोझ बन चुका है। उन्होंने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मांग की कि इन बिलों की तुरंत जांच की जाए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर पहुंचे एसडीओ ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी शिकायतें दर्ज कर आश्वासन दिया कि शीघ्र ही टीम मौके पर भेजी जाएगी और मामले की जांच कर उचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# निकासी न होने पर भरा पानी



**गागलहेड़ी।** कैलाशपुर से रसूलपुर पापडेकी की जाने वाले लिंक रोड पर पानी की निकासी ना होने के कारण सड़क पर पानी भर जाने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार गागलहेड़ी के गांव कैलाशपुर से गांव रसूलपुर पापडेकी व अन्य गांवों को जाने वाले मार्ग पर पानी की निकासी ना होने के कारण घरों का पानी सड़क पर फैल गया है। और सड़क टूट कर बदहाल हो गई है। जिस कारण राहग. ीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैले पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।वही ग्रामीणों का आरोप है कि वें इस सम्बन्ध में कई बार सम्बंधित विभाग को अवगत करा चुके है। उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# ज्योति कलश रथ यात्रा का जनपदभर में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** द्वारा आयोजित "ज्योति कलश रथ यात्रा" का जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों में भव्य स्वागत हुआ। इस आध्यात्मिक अभियान का उद्देश्य सनातन संस्कृति, साधना और सेवा के प्रकाश को घर-घर तक पहुंचाना और "अखंड ज्योति" पत्रिका के साथ माता भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष 2026 का संदेश जन-जन तक प्रसा. रित करना है।



पिछले दो दिनों में यह यात्रा बेहट तहसील के कलसिया, मांझीपुर, दयालपुर, मदनपुर, ताल्हापुर, समसपुर और खुर्रमपुर जैसे गांवों में पहुंची। मंगलवार को भूलनी, मुस्तापुर, मुजफ्फराबाद, जीवाला, मुसैल, गदरहेड़ी, रामखेड़ी, मांडला, लंढोरा और बढ़ेडी घोगु में माता-बहनों और भाइयों ने ज्योति कलश का श्रद्धापूर्वक पूजन कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को मानव देह की उपयोगिता और आध्यात्मिकता पर विस्तृत जानकारी दी गई। शांतिकुंज प्रतिनिधि उदय सिंह चौहान ने गुरु और गायत्री मंत्र की महिमा का वर्णन किया। उनके साथ रथ चालक राक. ेश, रविंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत समारोह में डॉ. अक्षय यादव, प्रमोद रुहेला, अशोक गुप्ता, अखिलेश कोशिश एडवोकेट, ललित कुमार, अनिल वत्स, नकली राम शर्मा, राजीव सैनी, अरुण यादव, राजेश शर्मा, पंकज शर्मा, राजेंद्र राणा, दिनेश राणा, नरेश राणा, श्याम सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। यह यात्रा प्रदेश के विभिन्न गांवों और शहरों में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है।

# बेसुध मिले सिपाही की मौत



**बिहारीगढ़।** बीती देर रात कस्बे में खडी कार में सवार उत्तराखंड पुलिस का सिपाही संदिग्ध परिस्थितियों में बेसुध हालत में मिला तो पुलिस उसे तुरंत सीएचसी फतेहपुर लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों में उसे मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक अनुज राणा पुत्र सतवीर सिंह निवासी गांव नगला सलारू थाना मंगलौर जिला हरिद्वार, उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पुलिस का सिपाही था। जो पिछले करीब दो सप्ताह से छुट्टी लेकर घर रह रहा था, कल सोमवार को छुट्टी पूरी होने के बाद वह दोबारा ड्यूटी पर लौटा और अपनी आमद कराकर देहरादून से देर रात घर वापस लौट रहा था, बताया जा रहा है कि सिपाही ने कार में बैठकर शराब का सेवन किया और गाड़ी के शीशे बंद कर कस्बा बिहारीगढ़ में कार रोककर खड़ा हो गया। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी तो सूचना मिलते ही तुरन्त बिहारीगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसे बेसुध हालत में कार से उतारकर सीएचसी फतेहपुर लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने सिपाही अनुज राणा (45वर्ष) को मृत घोषित कर दिया, मृतक अपने पीछे 15 वर्ष की एक बेटी और 13 वर्ष का एक बेटा छोड़ गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जावेद ने बताया कि उक्त घटना देर रात करीब दस बजे की है, शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की बाबत जानकारी देते हुए पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया था।

# नाराज किसानों का बिजलीघर पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** विद्युत आपूर्ति कम होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के किसानो ने बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया है। अधिकारी ने मौके पर पहुँच कर समस्याओं का समाधान करने को कहा है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को गांव चौरादेव के बिजली घर पर भारतीय किसान से जुड़े किसानो ने बाधित विद्युत आपूर्ति को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। मौके पर पहुंचे एसडीओ अंकित त्यागी बिजली विभाग और जेई अमित कुमार को अपने बीच बैठाकर किसानो ने अपनी समस्या उनके सामने रखते हुए कहाँ कि किसान खराब विद्युत आपूर्ति से परेशान है। और उनकी फसल खराब होने के कगार पर है एसडीओ अंकित त्यागी के आश्वासन के बाद किसानो ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया है।सुरक्षा के लिए उप निरीक्षक लोकेश राणा व होमगार्ड सतीश मौजूद रहे। इस दौरान डाक्टर नरेश यादव, अनूप सिंह, तहसील अध्यक्ष नरेश यादव, तहसील उपाध्यक्ष अजीम अहमद, नरेंद्र यादव, ललित यादव, बिट्टू यादव, सोनू, डाक्टर शाहिद, सचिन यादव, राव तहमूर, समीर, विक्रम यादव, बिजेंद्र यादव, रामकुमार यादव, बबलू, सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# कांवड़ लेने गए युवक की वाहन की टक्कर से मौत

**तीतरों।** कस्बे से कांवड़ लेने गए तीन लोगों को वाहन ने टक्कर मार दी। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो गंभीर रूप से घायल हो गए। गमगीन माहौल के बीच युवक का दाह संस्कार किया गया।

कस्बा निवासी राजेश कश्यप, छोटू प्रजापति तथा श्याम प्रजापति शनिवार के दिन कस्बे से कावड़ लेने के लिए नीलकंठ महादेव गए थे। बताया जाता है कि वह रास्ते में थे तो ऋषिकेश के आसपास वाहन ने तीनों को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर लग जाने के कारण 35 वर्षीय राजेश कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गया। राजेश कश्यप को ऋषिकेश स्थित हायर सेंटर ले जाया गया लेकिन इसी बीच उसकी मौत हो गई। छोटू प्रजा. पिता तथा श्याम को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। राजेश कश्यप का शव जब घर पहुंचा तो परिवार में को. हराम मच गया। राजेश कश्यप के परिवार में चार बेटियां हैं।

❑**गंगोह।** लायंस क्लब ग्रेटर द्वारा गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी के कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर प्रभव शर्मा, सृष्टि शर्मा, वंश पंवार ने स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्कूल की ओर से प्रबंधक राकेश तायल ने स्वामी विवे. कानंद की पुण्य तिथि पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में राशि नामदेव व काजल शर्मा को स्वर्ण, पूर्वी, प्रियंका चौधरी को रजत पदक देकर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# मैंगो पार्टी का बच्चों ने उठाया आनन्द




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा द्वितीय से पंचम तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय मैंगो पार्टी का आयोजन किया गया।

विद्यालय को आम के आकार की आकर्षक कलाकृतियों से सजाया गया था। इस सजावट ने नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के आनंद और उमंग को और भी बढ़ा दिया। बच्चों ने पीले रंग के परिधानों में सजकर आम पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत कीं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही शिक्षकों द्वारा आयोजित खेलों व रचनात्मक गति. विधियों में भी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्या शालू चौधरी ने बताया कि मैंगो डे जैसे आयोजनों से न केवल बच्चों का मनोरंजन होता है, बल्कि यह उनके भाषाई कौशल, सृज नात्मकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देता है। इस अवसर पर पूजा, आरिफा, प्रियंका, सालेहा, आकांक्षा, शिवानी, खुशी आदि मौजूद रहे।

# सर्वोत्तम अंक पाने वाले किए सम्मानित



**गंगोह।** लायंस ओलिंपियाड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा नामदेव पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 में सर्वोत्तम अंक पढ़ने वाले प्रथम तीन छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

लायंस ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा नामदेव पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्तम अंक लाने वाले तीन विद्यार्थी शिवांश अरोड़ा, अनुकृति सहल, वृंदा गोयल को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दीपक बंसल ने कहा की वास्तव में लायन ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली ने भारत भर में चल रहे इन सम्मान समारोह में छात्रों में एक नया उत्साह भर दिया है। प्रधानाचार्य रजनी राजपूत ने विद्यालय के तीन मेधावी छात्रों को लायंस ओलंपियाड द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। ये विद्यार्थी अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कर्ष प्रदर्शन के बल पर सम्मानित हुए हैं उनकी उपलब्धि में न केवल उनकी स्वयं की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का अटूट समर्थन और शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन भी शामिल है। कार्यक्रम में वरिश्ठ अध्यापक अरविंद षर्मा गुरूजी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में रुचि राजप. ूत, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों की सेवा ईश्वरी सेवाः प्रदीप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** संतयुग दर्शन वसुधरां द्वारा विश्वस्तरीय निष्काम सेवा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने संस्था के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ईश्वरीय सेवा है। सेवा के इस कार्य में 1060 लोगो को भोजन, वस्त्र, राशन सामग्री व नगद सहायत प्रदान की गई।

संतयुग दर्शन वसुधरां के निर्देशन में महावीर संत्सग मंडल द्वारा आयोजित मानव सेवा के अंतर्गत वैष्णों देवी धाम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगो को भोजन, वस्त्र, राशन सामग्री व नगद सहायत प्रदान की गई। संस्था के संयोजक राजीव पाहवा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट ने अपनें सभी सदस्यों सहित समाज के समृद्ध लोगों से अपील की है कि वह अपनी एक माह की कमाई इस पुनीत कार्य में लगाएं। संस्था के आहवान पर सभी सदस्यों नें इस मानव सेवा के कार्य में सहयोग दिया।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने संतयुग दर्शन के इस पुनीत कार्य की सराहना की और उन्होनें कहा कि मानव सेवा करने वाले हाथ व संस्थाएं ईश्वरीय कार्य कर रही है। शंकर पाहवा, मुरारी बजाज, सुशील पाहुजा, सागर गोयल, नरेश राजपाल, आशू, बजाज, वर्षा पाहुजा, बृजभुषण, कविता, रचना, उवेशी, मोनिका, सरयू, नीतू, विकास आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

अमृत पाल सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट नल्हेडा 'गुर्जर' सहारनपुर, मेरी सेवा पंजिका में मेरे पुत्र अभिनव पंवार की जन्म तिथि 31/01/2014 गलत दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र की वास्तविक जन्मतिथि 30/04/2015 है।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र मौ. नौशाद व पुत्रवधू इफत जहाँ को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**महफूज़ूर रहमान पुत्र हुसैन अहमद मरहूम निवासी गोटेशाह रोड, गली नं. 5 आजाद कालोनी, म. न, 11B/972 थाना मंडी सहारनपुर।**

# विकास की राह मे बाधा बना बजाज शुगर मिल गांगनौली

**मनसब अली परवेज**

**नागल।** खुशहाली का रास्ता खेत खलिहान से गुजर कर जाता है लेकिन अगर खेत खलिहान के मालिक ही परेशान हो जाये तो पूरा समाज ही परेशान हो जायेगा चाहे वह मजदूर हो ,दस्तकार हो ,दुकानदार हो या अन्य किसी भी रोजी रोटी कमाने के धन्धे मे जुटा हो। आजकल कुछ ऐसी ही हालत नागल क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, दस्तकारों, दुकानदारों की हो रही है जिसका मुख्य कारण है क्षेत्र में स्थापित बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल गांगनौली। जो गन्ना सत्र समाप्त होने के चार महीने बाद भी क्षेत्र के किसानों के लगभग 130 करोड रुपए दबाये बैठा है। जिसका सीधा असर यहां की आर्थिक व्यवस्था पर पड रहा है।

कहते है कि बडी इन्डस्ट्रीज किसी भी क्षेत्र मे उसकी आर्थिक,सामाजिक, उन्नति प्रगति का प्रतीक मानी जाती है। किंतु नागल क्षेत्र मे यह इसके ठीक विपरीत हो रहा है। जब से क्षेत्र मे बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल स्थापित हुआ है यहां का आर्थिक विकास अवरूद्ध होकर रह गया है। मुख्यत ये गन्ना उत्पादक क्षेत्र है यहां के विकास की धुरी गन्ने की फसल पर




आधारित है। चीनी मिल लगने से पहले क्षेत्र में गुड व खांडसारी का लहलहाता कुटीर उद्योग था। क्रेशर, गन्ना कोल्हूओं की भरमार थी जिनमें स्थानीय लोगों के साथ साथ दूसरे प्रदेश से आने वाले मजदूरों,कारीगरों को रोजगार मिलता था वहीं किसानों को भी नकद भुगतान मिलता था। अगर किसी किसान को शादी विवाह या बीमारी मे पैसों की जरूरत होती थी उसे एडवांस में इन ईकाईयों से सरलता से मुहैय्या हो जाता था। बाजारों में भी रौनक रहा करती थी लेकिन आज हालत इसके उलट है।

क्षेत्र मे चीनी मिल लगने से किसाना. ें, मजदूरों, दुकानदारों मे यह आशा जगी थी कि बडी इन्डस्ट्रीज लगने से अब क्षेत्र का बहुमुखी विकास होगा किन्तु यह आशा सपना बनकर ही रह गयी है। आर्थिक रूप से देखा जाये तो 130 करोड की रकम कम नही होती है। अगर समय से गन्ना भुगतान हो जाता है तो किसानों के साथ साथ आम आदमी को भी इसका लाभ मिलता है। समय से किसान खाद,बीज,दवाई ,बिजली बिल,बच्चों की फीस, मजदूर की मजदूरी, रोजमर्रा की घरेलू चीजों की उधारी किसान चुका सकता है।

किसान के पास उसकी उपज का पैसा न होने का सीधा असर यहां के स्थानीय बाजार पर भी पड रहा है। दुकानदार आर्थिक मंदी का शिकार है। उन्हे भी किसानों से समय से उधारी का पैसा नही मिल रहा है। गन्ना भुगतान के नाम पर किसान संगठन भी समय समय पर धरना-प्रदर्शन कर मिल प्रबंधन को जगाने का काम करते रहते है लेकिन विभिन्न धड़ों में बंटे ये किसान भी अब इतने प्रभावशाली नही रहे कि वे मिल प्रबंधन को झुका सके। रही बात शासन प्रशासन की भले ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश है कि गन्ना भुगतान चौदह दिन मे कर दिया जाये, लेकिन वह भी इस आदेश का पालन करने मे असहाय नजर आता है। इतना जरूर है कि समय समय पर वह भी बंदर घुडकी देकर अपने कर्तव्य की इति श्री कर लेता है।

# अंतिम दौर में पहुंचीं तैयारियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कावंड यात्रा को लेकर गंगोह नगर व क्षेत्र में हाईटेक सुरक्षा व सफाई व्यवस्था की तैयारियां अन्तिम दौर में है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी शशि प्रकाश शर्मा ने बताया कि कांवड मार्ग पर अब तक तीन सौ सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके है। जिनकी उनके द्वारा मानीटरिंग कर ली गई है। गतिविधियों पर पैनी निगाह रखने के लिए कोतवाली परिसर में सेन्टर बनाया गया है। इसके अलावा मुख्य चौराहों पर पुलिस पिकेट तैनात की जा रही है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लोकेन्द्र सिंह के अनुसार जलनिकासी के दृष्टिगत नालों की विशेष सफाई कराई गई है। लखनौती रोड सहित तमाम जल निकासी नाकों को पूरी तरह कूडा निकालकर साफ किया गया है। पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए जहां तमाम मार्गो पर लाईट के इंतजाम हो गये है वही मोबाईल लाईट ब्यवस्था रहेगी। ईओ ने बताया कि नगर के तमाम बिजली खम्भों पर प्लास्टिक पन्नी टेपिंग लगवा दी गई है और सफाई व्यवस्था व कूडा निस्तारण के खास इंतजाम किये गये है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

**घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** युवक संदिग्ध परिस्थितियों में भायला और रणखंडी फाटक के बीच ट्रेन की चपेट में आने के कारण घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक को देखने के लिए ट्रेक के पास एकत्र भीड़ के बीच वहां पहुंचा एक युवक घायल को उठाकर सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खजूरी निवासी अभिषेक ने भायला और रणखंडी फाटक के बीच भीड़ देख जब वह ट्रेक के पास पहुंचा तो वहां गांव का ही एक युवक घायल अवस्था में ट्रेक के किनारे पड़ा था। अभिषेक ने युवक को पहचान उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की पहचान आशू के रुप में हुई। हालांकि गंभीर हालत के चलते यह पता नहीं चल पाया कि वह ट्रेक के पास कैसे पहुंचा और किस तरह घायल हुआ। हालांकि मौके पर मौजूद लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे थे। हालांकि घटना की जानकारी मिलने पर सरकारी अस्पताल में जहां आशू के परिजन पहुंचे वहीं स्थिति की जानकारी लेने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार भी पहुंचे। घायल आशू को चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति के चलते हायर केयर सेंटर रेफर कर दिया।

# महिलाओं ने लगाए बाबा के जयकारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री विष्णु भगवान मंदिर में महिला मंडल द्वारा श्रावण मास में श्री शिव विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने भोलेनाथ को हल्दी और मेहंदी लगा श्रद्धा पूर्वक नृत्य कर बाबा भोलेनाथ के जय जय कार के नारें लगाए।

मोहल्ला कायस्थवाड़ा स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में श्री शिव विवाह के अवसर पर शालू भाटिया ने श्री शिव पार्वती विवाह की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। इस दौरान बाबा की बारात का वर्णन सुना सभी श्रद्धालुओं महिलाओं ने बाबा के जयकारे लगाए। साथ ही महिला मंडल की कार्यकर्ताओं सहित श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के विवाह उत्सव के उपलक्ष में श्रद्धापूर्वक नृत्य किया। साथ ही पार्वती जी का कन्यादान भी किया गया। महिलाओं द्वारा भोले बाबा और पार्वती जी को बहुत सुंदर सजाया गया।



इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। विवाह समारोह में रीमा बंसल, प्राची बंसल, सोनिया बंसल, रुचि कंसल, छवि बंसल, आयुषी, सुमन, ममता,रजनी, सिम्मी, ,रचना शर्मा, अंगूरी देवी, मंजू धीमान, अनुपम, सुमन देवी आदि श्रद्धालु महिलाएं मौजूद रही।

# न्यायालय ने हत्या के आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास की सज़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने हत्या के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही अर्थदंड अदा न करने पर दो वर्ष के अतिरिक्त कारावास के लिए निर्देशित किया।

सहायक शासकीय जिला अधिवक्ता देवीदयाल शर्मा ने जानक. ारी देते हुए बताया कि देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव रणखंडी में तीन जून 2022 में खेत में पानी चलाने के दौरान हुए विवाद के दौरान में अनिल सिंह की गांव के ही अरविंद ने छूरी से वार कर घायल कर दिया था। इस दौरान अनिल को बचाने का प्रयास कर रहे उसके दोनों पुत्रों अंकित और विक्रांत को भी चोंटे आई। इस दौरान इलाज के लिए अनिल को अस्पताल ले जाने के दौरान रास्तें में उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र अंकित की तहरीर पर देवबंद कोतवाली में अरविंद के खिलाफ जानलेवा हमले और हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अरविंद को छूरी सहित गिरफ्तार कर लिया। बताया कि मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायालय विनित कुमार वासवानी की अदालत में चला। अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनित कुमार वासवानी ने अभियुक्त अरविंद को अनिल की हत्या का दोषी ठहराते हुए उसे सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# कविता सुनाने वाले शिक्षक पर रिपोर्ट दर्ज करने की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने बरेली में बच्चों को कविता सुनाने वाले शिक्षक रजनीश पंवार पर रिपोर्ट दर्ज किए जाने पर रोष जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दर्ज रिपोर्ट को निरस्त करने की मांग की जारी बयान में उन्होंने कहा कि कांवड लेकर मत जाना तुम ज्ञान के दीप जलाना यह कविता सुनाकर शिक्षक ने कौन सी गलत बात कही है। सरकार का लक्ष्य केवल भावनाओं से वोट लेना है। शिक्षा से उसका कोई मतलब नहीं है। पुंडीर ने कहा कि वह बरेली के एडीजी से भी कहेंगी कि कांवड लेकर मत जाना बल्कि ज्ञान के दीप जलाना।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सुंदर व आकर्षक वस्त्र धारण किए नन्हें मुन्हें बच्चे रहे आकर्षण का केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा प्ले से यूकेजी के विद्यार्थियों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित प्रतियोगिता में सुंदर व आकर्षक वस्त्र धारण कर नन्हें मुन्हें बच्चों ने सभी का मनमोह लिया प्रतियोगिता में अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले लविशा, सात्तिवक, महक, व्योम, माहिरा, अभिराज, नमरा, अनिका, हम्माद, सार्थक, आरोही, केशव, आराध्या, अक्षित, अरहान, हमजा, मिस्का और रक्षित ने प्रतियोगिता में उच्च स्थान



प्राप्त किया। इस मौके पर संरक्षक हरि सिंह सैनी, शिव कुमार सैनी, अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, पूजा शर्मा, कल्पना, सारिका, काजल, कविता आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# विद्यार्थियों को उनके पदों के दायित्व की जानकारी देने के साथ उन्हें दिलाई पदों की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** द् दून वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों में नेतृत्व, टीम भावना, कार्य क्षमता और विकास के लिए इंवेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए दर्श त्यागी को हैड ब्वाय व क्रिशा रत्रा को हैड गर्ल चुना गया। साथ ही हिदाया और माज को स्कूल कैप्टन, ईशान, आरना को स्कूल वाइस-कैप्टन, समर्थ व अजका को स्पोर्ट्स



कैप्टन, नक्ष व अरीबा को-डिसिप्लिन कैप्टन, व्यान व बानी को कल्चरल कैप्टन चुना जाने के उपरांत छात्र-छात्राओं को उनके पदों के निर्वाहण के लिए शपथ दिलाई। स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को उनके पदों के दायित्व के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुए आशा जताई हैं कि छात्र-छात्राएं अपने पदों की जिम्मेदारियों का शानदान प्रदर्शन कर अपनी योग्यता दिखाएगें। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# समिति ने असहाय व जरूरतमंद महिलाओं को वितरित किए कपड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जामिया तुल कुदसिया शिक्षा समिति द्वारा गरीब बेसहारा महिलाओं को कपड़े आदि का वितरण किया गया। समिति सचिव कारी आमिर उस्मानी ने कहा कि आसाहय व जरूरतमंद लोगों की सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं है।

मोहल्ला पठानपूरा स्थित एक सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में समिति द्वारा असहाय व जरूरतमंद महिलाओं को किट का वितरण किया गया। कारी आमिर उस्मानी ने बताया कि किट के अंदर लेडीज सूट के अलावा उनकी जरूरत के अन्य सामान शामिल किए गए हैं। संस्था के डायरेक्टर मुकीब अब्बासी ने कहा कि समिति की यह कोशिश है कि




ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों की खिदमत की जा सके।

इस दौरान शहजाद कासमी, असलम, जेनुल आबिदीन, सभासद वाजिद मलिक, कमर, लइक अंसारी आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वच्छ भारत मिशन को साकार रुप देने के लिए विद्यालय परिवार के प्राध्यापकों की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। प्राध्यापकों ने महाविद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक सरक. ारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी को भी समझना चाहिए।

# हनुमान को भगवान शिव का ही एक अवतार माना गया है: शुक्ला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री मंकेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्री महा. पुराण कथा के छठें दिन कथा व्यास चित्रा शुक्ला दीदी ने हनुमान जी की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव पुराण में हनुमान को भगवान शिव का ही एक अवतार माना गया है।

मंगलवार को कथा व्यास चित्रा शुक्ला ने कहा कि विशेष रुप से सतरुद्र संहिता के अध्याय 20 खंड तीन में शिव के हनुमंत अवतार का उल्लेख किया गया है। शिव ने भगवान राम की सहायता के लिए अंजना को अपनी शक्ति से पुत्र रुप में जन्म लेने का वरदान दिया था और स्वयं वानर रुप में हनुमान प्रकट हुए। कथा व्यास ने कहा कि यह अवतार भगवान राम की सेवा और लंका की विजयी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में लिया गया था।

शिव जी ने यह निश्चिय किया कि वह हनुमान के रुप में अवतार लेंगे ताकि भगवान राम के कार्यों में उनकी सहायता कर सकें। हनुमान जी ने राम भक्ति की सर्वोच्च मिसाल पेश की। इस दौरान प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालु झूम उठे। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष चौधरी परविंद्र सिंह, राजेश सिंघल, विजय सिंघल, मुनीष जैन, यशपाल सिंह, ओमकार राणा, देवेंद्र सैनी और प्रमोद त्यागी आदि मौजूद रहे।

# कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार घायल, कार चालक फरार

**जानी खुर्द।** मंगलवार को बाइक और कार में भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया बाइक सवार को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहा हालत नाजुक बताई गई है। कस्बा सिवाल खास में शराब के ठेके के पास एक कार और बाइक में भिड़ंत हो गई गाडी एक नाले में जा गिरी और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें आमिर पुत्र रहसूद्दीन निवासी कस्बा सिवाल खास बुरी तरह घायल हो गया घायल को देख कार चालक मोहित पुत्र कृष्ण निवासी सोनीपत गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सिवालखास चौकी इंचार्ज नरेश कुमार माहोर ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

# मारपीट में युवक घायल चाचा ने दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अमरौली उर्फ बड़ा गांव में युवक को मारपीट कर घायल किया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे युवक को पुलिस ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना भेजा। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के चाचा ने थाने में एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। अमरौली उर्फ बड़ा गांव निवासी इकतदार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका भतीजा अरबाज मंगलवार को सुबह स्कूल से अपनी टीसी लेने के लिए जा रहा था गांव के तीन लोगों ने उसे रोक लिया तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी इकतदार का आरोप है कि आरोपियों ने कसले व लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल के चाचा ने तहरीर दी है।

# 28 को मेरठ तहसील में होगी मत्स्य पट्टो की नीलामी, अधिकारी रहेंगे मौजूद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** तहसीलदार नीलाम अधिकारी मेरठ ने बताया कि छह ग्रामों में मत्स्य पालन हेतु तालाब पोखर मीनाषय एवं जल प्राणियों के 10 वर्षीय आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियो के मध्य 28 जुलाई को प्रात: 10 बजे से अपरान्ह दो बजे तक तहसील मुख्यालय मेरठ पर नीलाम की कार्यवाही की जायेगी। नीलाम के संबंध में शर्ते तहसील मेरठ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। जो व्यक्ति इसमें शामिल होना चाहता है वह भाग ले सकता है।

# मेरठ में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की चौथी शाखा का हुआ शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मंगलवार को गढ़ रोड पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की चौथी शाखा का शुभारंभ हुआ है। यह शुभारंभ उप महा प्रबंधक व आंचल प्रमुख राहुल जोशी ने किया। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मेरठ जिले में यह चौथी शाखा है लेकिन नोएडा आंचल की यह 56वीं शाखा है। इस दौरान उन्होंने ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग श्रण सुविधा व बचत योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राहुल जोशी ने कहा कि पारदर्शी व तकनीक संचालित बैंकिंग सुविधा प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता है। भारत सरकार और रिजर्व बैंक की दिशा निर्देश का पालन प्रत्येक योजना में किया जाएगा विशेष रूप से गरीबों से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर शाखा प्रबंधक अर्पित चौधरी, राहुल सिंह, विख्यात टंडन, संजय गुप्ता, आदित्य अगिनहोत्री, विकास त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार, कैलाश चंदौला, विशाल बलूजा, मनोज सिंघानिया व मनोज कुमार मौजूद रहे।

# सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ राकेश कुमार थानीवाल का ग्राम मंडोरा में स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** गत दिनों ग्राम मंडोरा, थाना दौराला मेरठ के राकेश कुमार थानीवाल सहायक कमांडेंट (डीएसपी) CRPF के पद पर पदोन्नत हुए हैं। जोकि पूरे मेरठ जनपदवासियों के लिए गर्व और हर्ष की बात है। पदोन्नति के बाद राकेश कुमार थानीवाल, सहायक कमांडेंट CRPF का जनपद मेरठ में प्रथम आगमन पर ग्राम मंडोरा वासियों व गणमान्य लोगों ने उनका ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से स्वागत किया। मंडोरा ग्राम के लोग उनके स्वागत में एनएच 58 स्थित ग्राम सकौती से गाड़ियों के काफिले, ढोल नगाड़ों व डीजे के साथ ग्राम मंडोरा तक लेकर आए और पूरे गांव का भ्रमण कराया और एक स्वागत सभा का आयोजन भी किया। पूर्व राज्यमंत्री मुकेश सिद्धार्थ ने कहा कि यह मंडोरा गांव के लिए ही नहीं ब्लकि जनपदवासियों के लिए गर्व की बात है। हमें अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिये जिससे वह क्षेत्र का नाम रोशन कर सके।

**सार्वजनिक सूचना**

हमारा बैनामा क्र.सं. 897 दिनांकित 11.02.1992 का आखिरी पेज कही खो गया है। जिसका किसी अन्य के द्वारा प्रयोग अवैध होगा।

**पदम सैन**
**निवासी दक्षिणी कृष्णापुरी**
**गली नं. 2**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**महत्वपूर्ण सूचना**

**कांवड़ मेला-2025 के लिए**
**विशेष व्यवस्था**
**(23.07.2025 तक)**

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 74023 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74022 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 74022 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:00 | दिल्ली जं. | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

चलने की तिथि: 74023 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक और 74022 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली जं.-सहारनपुर-दिल्ली जं. एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 64557 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 64558 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 64558 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

चलने की तिथि: 64557 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक और 64558 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थान: सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालन:**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04311 प्रस्थान | ↑ स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04312 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04312 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

चलने के दिन: 04311 मुरादाबाद एवं 04312 लक्सर से 25.07.2025 तक।
ठहराव: बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं कॉठ स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04314 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04313 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04313 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

चलने के दिन: 04314 हरिद्वार से 24.07.2025 तक एवं 04313 दिल्ली जं. से 25.07.2025 तक।
ठहराव: ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04316 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04315 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04315 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

चलने के दिन: 04316 योग नगरी ऋषिकेश से 24.07.2025 तक एवं 04315 दिल्ली शाहदरा से 25.07.2025 तक।
ठहराव: रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04318 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04317 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

चलने के दिन: 04318 योग नगरी ऋषिकेश से 09.08.2025 तक एवं 04317 आलमनगर से 10.08.2025 तक।
ठहराव: रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04413 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04413 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04414 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04414 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

चलने के दिन: 04413 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक एवं 04414 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
ठहराव: दिल्ली शाहदरा, नौली, गोटरा हाल्ट, फख़रपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइट: www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फालो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 95 की लाख की लागत से बनेगा हार्वेस्टिंग सिस्टम

## मेयर डा. अजय कुमार ने रिबन काट व नारियल फोड़कर किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में जापानी तकनीक (क्रॉसवेव टेक्नोलॉजी) पर आधारित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्य का महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज शाम रिबन काटकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 95 लाख रुपये का व्यय होगा। कार्य के पूरा होने में करीब चार महीने का समय लगेगा।

वर्षा जल को संचय करने के उद्देश्य से सहारनपुर में जापानी तकनीक पर नगर निगम परिसर, कलक्ट्रेट परिसर तथा दिल्ली रोड स्थित तालाब पर तीन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जायेंगे। आज नगर निगम परिसर में पहले हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्य की शुरुआत महापौर डॉ. अजय कुमार ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर की। उन्होंने बताया कि नगर निगम परिसर में एक नयी क्रॉसवेव टेक्नोलॉजी के माध्यम से वर्षा जल के संजय को लेकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के कार्य की आज शुरुआत की गयी है। नगर निगम लगातार जल के संचय को लेकर चिंतित है। जल संचय के लिए जितनी भी विधियां हैं उनके माध्यम से कार्य कराया जायेगा। आज का यह



कार्य नगर निगम का अनूठा प्रयास है जिसके लिए जलकल विभाग की प्रशंसा की जानी चाहिए। महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि इसमें निगम की सभी बिल्डिंग की छतों एवं ग्राउण्ड वाटर को चौम्बर में एकत्रित कर फिल्ट्रेशन सिस्टम के माध्यम से वर्षा जल के रिचार्जिंग का कार्य किया जायेगा। इस कार्य पर करीब 95 लाख रुपये का व्यय होगा।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने वाली कार्यदायी एजेंसी अशवथ इंफ्रा टेक के एवीपी प्रवीण शर्मा ने बताया कि उक्त कार्य को पूरा होने में करीब चार माह का समय लगेगा।

उन्होंने बताया कि पहले बोरिंग और फिर खुदाई की जायेगी। उसके बाद मॉडल स्ट्रेक्चर लगेगा, सिल्ट एण्ड फिल्टर चौम्बर बनेंगे, जिन्हें ड्रेन के माध्यम से कनेक्ट किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य पूरा होने के बाद निगम के भवनों एवं ग्राउण्ड में कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं होगी।

इस अवसर पर अशवथ इंफ्रा टेक के प्रोजेक्ट हैड संजय द्विवेदी व प्रोजेक्ट इंजीनियर कुनाल त्यागी के अलावा जलकल विभाग के एई राजेंद्र प्रसाद, पार्षद अनिल मित्तल, पार्षद संजीव कर्णवाल व पार्षद राजेंद्र को. हली तथा मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता आदि मौजूद रहे।

# जन सुनवाई में नगर आयुक्त ने कराया दो समस्याओं का तत्काल निदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज आयी आठ समस्याओं में से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का नगरायुक्त शिपू गिरि ने तत्काल समाधान कराया। सफाई सम्बंधी अन्य समस्याओं के लिए सम्बंधित क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों तथा अतिक्रमण सम्बंधी दो समस्याओं के सम्बंध में प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने सफाई एवं सड़क व गलियों की मरम्मत को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के साथ उन समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यह निर्देश उन्होंने वार्ड 37 गिल कॉलोनी निवासी अशोक गुप्ता की साफ सफाई व सड़कों की टूट-फूट सम्बंधी समस्याओं के सम्बंध में दिए। वार्ड 31 मानकमऊ निवासी अरविंद ने मानकमऊ की गली नंबर 6 में नाली व सड़क की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 06 वर्धमान कॉलोनी निवासी देशराज सैनी ने वार्ड 6 में गैस गोदाम के निकट नाली की सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने तुरंत क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारियों को भेज कर समस्या का समाधान करा दिया। वार्ड 42 के वैभव बाठला ने भी नुमायश कैंप में सीवर की साफ सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसके लिए अवर अभियंता जल को स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त वार्ड 55 चंद्रनगर निवासी उर्मिला ने प्रेम वाटिका के निकट चल रही अवैध पशु डेरी बंद कराने के लिए, वार्ड 27 कृष्णा एन्कलेव ग्रीन सिटी निवासी शराफत ने कॉलोनी से आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। दोनों समस्याओं के सम्बंध में नगरायुक्त ने निगम पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 39 जगदीश गॉर्डन की सुशीला देवी ने सड़क से अतिक्रमण हटवाने तथा वार्ड 04 सिद्धार्थ नगर के राजीव मौर्या ने गली नंबर दो में सड़क पर बने चबूतरों को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस सम्बंध में नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त पी के यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ग्लोकल ने लगाया चिकित्सा शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा, ग्लोकल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में, ग्राम कासमपुर में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति निजाम. द्दीन, कुलपति प्रोफेसर एच. एस. सिंह तथा रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। शिविर में कुल 115 मरीजों की जांच की गई, और सभी को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में प्रमुख रूप से मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), चर्म रोग तथा अस्थमा जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीज सामने आए, जिनका सफलतापूर्वक परीक्षण एवं प्राथमिक उपचार किया गया।

इस अवसर पर ग्लोकल यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रेहान सफी सहित डॉ. शमा अब्दुल हई, डॉ. इमलाक, डॉ. रईस अहमद, डॉ. अतीक एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने इस जनसेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# 18 से 23 जुलाई तक स्कूलों में अवकाश घोषित

**सहारनपुर।** कांवड के मद्देनजर जनपद के स्कूलों में 18 से 23 जुलाई तक अवकाश घोषित किया गया है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में कांवड़ यात्रा की बढ़ती भीड़, कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने, शिवभक्तों एवं स्कूली बच्चों की सुविधाओं के दृष्टिगत जनपद के समस्त परिषदीय, सहायता प्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त वित्त विहीन विद्यालय, सीबीएसई, आईसीएसई, संस्कृत बोर्ड, मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों, डिग्री कॉलेजों, तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं में 18 से 23 जुलाई तक अवकाश घोषित किया गया है।

# रोहित जिलाध्यक्ष व संजीव बने महानगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रद. ेश उद्योग व्यापार मण्डल का रोहित घई को जिलाध्यक्ष व संजीव गक्खड को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है।

बाजोरिया रोड स्थित सभागार में आयोजित बैठक में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने रोहित घई को जिलाध्यक्ष, संजीव गक्खड़ को महानगर अध्यक्ष, सुनील ठाकुर व विनीत कर्णवाल को महानगर महामंत्री, सुनील शर्मा व नीरज अरोरा को जिला महामंत्री, मत्तीश्वर चांदना जिला प्रभारी, सचिन घई महानगर कोषाध्यक्ष, अंशुल गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, अरुण गंज्ञान महानगर चेयरमैन, संयम सेठी युवा अध्यक्ष, चिराग गुप्ता महानगर युवा अध्यक्ष, सार्थक वालिया व तनुज शर्मा जिला युवा महामंत्री, अमित खेड़ा युवा कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।



चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा व्यापारी वर्ग पूरे प्रदेश में जीआईएस सर्वे का विरोध करता है। उन्होंने कहा व्यापारी वर्ग देश की रीढ़ की हड्डी है, व्यापारी जो टैक्स देता है उससे सरकारें चलती है। व्यापारी देश को दिशा और दशा देता है उन्होंने प्रदेश सरकार से व्यापारी कल्याण आयोग को गठित करने की मांग की है। उन्होंने शिक्षकों की भांति व्यापारियों के लिए भी विधान परिषद व राज्य सभा की सीटों को आरक्षित करने की मांग की। इनके अतिरिक्त बैठक को जिलाध्यक्ष रोहित घई, महानगर अध्यक्ष संजीव गक्खड़, प्रदेश संगठन मंत्री विवेक चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका यादव, दीपिका गौड़, पूजा पाल, सुनील राणा, सुनील शर्मा, राजेश राणा, राजकुमार बत्रा आदि ने संबोधित किया। बैठक में। विजय सैनी, अंकित अरोरा, प्रवेश कंबोज, मिखाईल मल्होत्रा, गौरव बत्रा, राव साजिद, प्रिंस परुथी, गौरव शाह पंकज डावर, सुनील नागपाल, मोहित पुरी, राकेश सिकरी, दीपक सलूजा, राजेश चुग, शेखर सचदेवा, जितेंद्र खुराना सचदेवा,अरविंद आहूजा विवेक गगनेजा,हरि ओम कालरा, अंकित गाबा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# मैडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन



**साढौली कदीम।** खंड संसाधन केंद्र बेहट में बेसिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में दिव्यांग बच्चों के लिए खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में मैडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी सहदेव गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि कैम्प में प्रतिभाग करने वाले 50 दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किये गये। कैम्प में पहुंची मैडिकल टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों के परीक्षण के उपरांत 19 दिव्यांग बच्चों के यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड बनाये गये। कैम्प में स्वास्थ्य विभाग से आर्थोपेडिक सर्जन, ईएनटी सर्जन, नेत्र एवं बाल रोग विशेषज्ञ, साइकोलोजिस्ट, साइकिट्रिशयन, ऑडियोलाजिस्ट, स्पेशल एजूकेटर सहित बीआरसी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कौशल यूथ आईकॉन सम्मान से नवाजे प्रशिक्षणार्थी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शासन के निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में कौशल प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाये गये।

मुख्य अतिथि विधायक नगर राजीव गुम्बर द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सबसे बड़ी चुनौती है बढ़ती जनसंख्या के साथ युवाओं को रोजगार योग्य बनाना। उन्होंने कहा कि युवाओं के शिक्षित होने के साथ ही कुशल होना भी आवश्यक है। कौशल विकास तथा वर्तमान चुनौती से निपटने के लिए विभाग की जिम्मेदारी बहुत की महत्वपूर्ण है। आज का युवा केवल डिग्रीधारी नहीं, कुशल होना चाहिए।



इस अवसर पर जनपद में सर्वश्रेष्ठ सेवायोजित 11 प्रशिक्षार्थियों को कौशल यूथ आईकॉन सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 14 जुलाई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में नियुक्ति प्राप्त 15 प्रशिक्षार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये एवं जनपद में कौशल विकास योजना आईटीआई के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राकेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा रोजगारपरक अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन प्रशिक्षण दिलाकर युवाओं को हुन. रमंद बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार में स्थापित करने का प्रयास है। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवबन्द, कपिल कुमार, कार्यदेशक दिलशाद अली, प्रबन्धक कौशल विकास जसविन्दर सिंह, प्रबन्धक कौशल विकास प्रिन्स गर्ग, अनुदेशक विजय कुमार एवं संस्थान के समस्त कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# न्यायालय में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान प्रारंभ

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों पर जनपद न्यायालय में 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना मुआवजा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति के बंटवारे, बेदखली, भूमि अधिग्रहण आदि दीवानी प्रकृति के मामलों को मध्यस्थता केंद्र, दीवानी कचहरी सहारनपुर में सुलह योग्य मामलों के रूप में संदर्भित कर निस्तारित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र समाधान कर पक्षकारों को शीघ्र और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिवध्अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा की देखरेख में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि 01 से 31 जुलाई तक अधिक से अधिक सुलह योग्य मामलों को मध्यस्थता केंद्र में प्रस्तुत कराएं।

# महेन्द्र भल्ला के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने प्रख्यात समाजवादी चिन्तक व मुरादाबाद मंडल विकास निगम के पूर्व चेयरमैन महेन्द्र भल्ला के 78 वे जन्मदिवस पर उन्हें भावपूर्ण नमन किया तथा महेन्द्र भल्ला के आदर्शों का अनुसरण करने का आहवान किया गया।

अम्बाला रोड़ स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपाईयो ने युवा जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री महेन्द्र भल्ला के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि महेन्द्र भल्ला केवल एक राजनीतिज्ञ ही नही ब्लकि शोषितो व पीडितो के सच्चे मसीहा थे जिन्होंने आजीवन समाजवादी विचारधारा का अनुसरण समाज में गैर बराबरी के खिलाफ संघर्ष करने का काम किया उन्होंने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना ही भल्ला को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सपा पिछडावर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर विजेश कुमार शर्मा ने कहा कि महेन्द्र भल्ला एक क्रान्तिकारी राजनेता थे जिन्होने सदैव अन्याय व शोषण का प्रतिकार कर पीडितो को न्याय दिलाने का काम किया। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने कहा कि महेन्द्र



भल्ला के संघर्ष व कार्यशैली से प्रभावित होकर ही उन्होने 13 वर्ष की उम्र में ही महेन्द्र भल्ला के आन्दोलनो में भाग लिया।

इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गफूर सपा के विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव सुदेश गुर्जर चौधरी जुमला सिंह जिला जिला अध्यक्ष व्यापार सभा शैलेश चौधरी संदीप अच्छन यादव जिंदा प्रधान मां महानगर विधानसभा अध्यक्ष काशिफ अल्वी युजानसभा जिला अध्यक्ष विलास राणा उपाध्यक्ष हसीन कुरेशी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष मजहबी खान, कंवर पाल गुर्जर, कवर सिह, राजकुमार प्रधान, विशाल यादव महेन्द्र पाल राकेश, वेदपाल पटनी, राकेश बाठला, समेत सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डंपर व पिकअप की टक्कर में युवक की मौत

**अंबेहटा।** बागपत में डंपर और पिकअप की टक्कर हादसे में घाटमपुर निवासी चालक की मौत। परिजनों का रो-रो बुरा हाल।

जानकारी के अनुसार नकुड कोतवाली अंतर्गत गांव घाटमपुर निवासी जाकिर पुत्र कासम अली पिकअप गाड़ी पर चालक था सोमवार की रात छुटमलपुर से आम की गाड़ी लेकर खुर्जा मंडी में जा रहा था रास्ते में बागपत के निकट हाईवे पर पिकअप और डंपर की टक्कर हो गई जिसमें पिकअप गाड़ी पलट गई हादसे में चालक 22 वषीय जाकिर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन और ग्रामीण बागपत घटना स्थल पर पहुंचे।शव को गांव लाकर कब्रिस्तान मे दफनाया गया है।

# रंगदारी के मामले में पत्रकार पर नामजद मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्राफा कारोबारी से आठ लाख की रंगदारी मांगने वाले आरोपी की तबियत बिगडने पर जैन समाज के जिम्मेदार पदाधिकारी अपने साथ उपचार के लिए ले गये। हालांकि आरोपी पर मुकदमा दर्ज हो गया है।

बता दे कि कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के दीनानाथ बाजार निवासी अंकित जैन पुत्र विशाल चंद जैन में दी तहरीर में बताया कि वह आभूषणों को कारोबार करते हैं तथा सहारनपुर के साथ ही दिल्ली में भी उनकी दुकान है। वह वर्तमान में दिल्ली के लक्ष्मीनगर में गुरुनानकपुरा में रह रहे हैं। अंकित ने बताया कि बीती 14 से 16 जून तक उनके मोबाइल नंबर पर वाट्सएप से मैसेज भेजकर आठ लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। रंगदारी की रकम न देने पर उन्हें और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी से सहमे अंकित ने रंगदारी की रकम देने के लिए पूछा तो आरोपित ने डीएम आफिस में नाजिर के पद पर तैनात पारस जैन के पास रुपये पहुंचाने को कहा। पीड़ित ने पारस जैन को फोन किया तो पारस ने किस विषय में रुपये देने हैं, इसका पता करना चाहा। पीड़ित ने पूरी बात बता दी। इसके बाद 16 जून को ही तरस तृप्त जैन ने नाजिर पारस जैन के पास फोन कर आठ लाख रुपये मिलने के बाबत पूछा। पारस ने रुपये मिलने की बात कही तो आरोपित रंगदारी के रुपये लेने पहुंच गया। वहां जब पारस जैन ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो वह तबियत खराब होने का बहाना कर निकल गया। अंकित ने तरस तृप्त जैन पुत्र राम चरण जैन निवासी पुल खुमरान रोड और उसके साथियों से जानमाल का खतरा जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पीडित द्वारा थाने में दी गयी तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमे में भी यह जिक्र किया गया है कि आरोपी की तबियत बिगडने पर जैन समाज के जिम्मेदार पदाधिकारी अपने साथ उपचार के लिए ले गये।

**सहारनपुर।** पोक्सो एक्ट व मारपीट मामले में दर्ज मुकदमे को लेकर ग्राम गदनपुरा के ग्रामीणों ने नवयुग नवदृष्टि एसएसपी आशीष तिवारी से मुलाकात की।

# चौकी इंचार्ज समेत 6 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**आरोपियों को निजी गाड़ी में ले जाने व खाना खिलाने का मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट ले जाने के लिए उनकी निजी गाड़ी का इस्तेमाल और रास्ते में खाना खिलाने के मामले में लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने कड़ा कदम उठाया। जांच में दोषी पाए जाने पर मुजफ्फराबाद पुलिस चौकी के इंचार्ज समेत छह पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

पिछले सप्ताह थाना फतेहपुर की मुजफ्फराबाद पुलिस चौकी क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल2 हुआ था। इसके बाद पुलिस ने एक पक्ष के चार लोगों को गिरफ्तार किया। लेकिन चौकी स्टाफ ने लाप. रवाही दिखाते हुए आरोपियों को थाने से कोर्ट ले जाने के लिए उनकी ही गाड़ी का उपयोग किया। इतना ही नहीं, रास्ते में रुककर आरोपियों को खाना भी खिलाया गया। इस दौरान एक आरोपी हथकड़ी पहने सिगरेट पीता दिखा, जिसकी तस्वीर वायरल होने से मामला और गंभीर हो गया।

एसएसपी आशीष तिवारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए। जांच में दोषी पाए जाने पर चौकी इंचार्ज सुनील यादव, सिपाही दीपक, अरविंद, ऋषिपाल सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# जैन समाज का कलेक्ट्रेट व रामपुर में प्रदर्शन, सौंपे ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जैन मिलन की सभी शाखाओं ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जैन समाज के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ की तपोभूमि और निर्वाण स्थान गुजरात के जूनागढ़ स्थित गिरनार की पर्वत पर स्वतंत्र रूप से धार्मिक क्रिया करने, जयकारा लगाने व निर्वाण लड्डू चढ़ाए की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा दिए जाने व गिरनार जी पर्वत पर अनावश्यक रूप से अवैध कब्जा करने वाले असामाजिक तत्व के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

मंगलवार को भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री वीर अजय जैन के नेतृत्व में भारतीय जैन मिलन ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से गुजरात सरकार व केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि जैन समाज के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमी नाथ की तपोभूमि व निर्वाण स्थान गुजरात राज्य के जूनागढ़ स्थित गिरनार जी पर्वत पर जैन समाज के लोग हजारों वर्षो से वंदना करते है व निर्वाण लड्डू चढ़ता है। लेकिन कुछ वर्षो से वहां पर कुछ असामाजिक तत्वों अनधिकृत कब्जा कर लिया है।

ज्ञापन देने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर अविनाश जैन, संयुक्त मंत्री वीर अमित जैन, वीर राकेश जैन, वीर संजय जैन वीर अभय जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अरुण जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर राजीव जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर महावीर जैन, शाखा अध्यक्ष वीर डॉ अजय जैन, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी वीर सचिन जैन, वीर अनिल जैन, वीरांगना अंकिता जैन, वीरांगना शोभा जैन, शाखा मंत्री वीर अर्पित जैन, वीर मनोज जैन वीर अमर जैन, वीरांगना दीप्ति जैन, वीरांगना सीमा जैन, मुख्य संयोजक वीर निखिल जैन, अमित जैन, वीर प्रमोद




जैन, वीरांगना सरिता जैन, वीरांगना सारिका जैन ,वीर अभिषेक जैन, वीर तरुण जैन आदि सैकड़ो जैन समाज के लोग शामिल रहे।

**रामपुर मनिहारान।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी समिति और जैन मिलन के संयुक्त तत्वाधान में जूनागढ़ जिले में स्थित श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र गिरनार पर अतिक्रमण को लेकर महामहिम राष्ट्रपति और गुजरात के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को सौंपा।।

एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जैन समाज द्वारा गुजरात प्रांत में स्थित गिरनार जी जो जैन धर्म के 22वे तीर्थंकर श्री नेमीनाथ



भगवान की मोक्ष स्थली है उस पर असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर जैनों पर आक्रमण किया जा रहा है जो अनुचित है।वहाँ के स्थानीय प्रशासन द्वारा भी जैनों के साथ आतंकवादियों के साथ जैसा व्यवहार किया जा रहा है। जो भारतीय संविधान के अनुरूप नहीं हैं। इसको लेकर जैन समाज में भारी आक्रोश है। जैन समाज ने सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, वीरेंद्र जैन, राकेश जैन, शशांक जैन, आर्जव जैन, अमित जैन, दीपक जैन, नीरज जैन, अरविन्द जैन, नमन जैन, मुकुल जैन सहित समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

# लॉस एंजेलिस ओलंपिक-2028 में क्रिकेट की वापसी

● **मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, 20 और 29 जुलाई को पदक मैच होंगे**

**लॉस एंजेलिस, वार्ता।** लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 से क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी हो रही है। इस बार के ओलंपिक में क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि 20 और 29 जुलाई को पदक के मैच होंगे। सभी मैच फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में खेले जाएंगे। लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किमी दूर पोमोना शहर में एक अस्थायी स्टेडियम बनाया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों ही टूर्नामेंट में छह-छह टीम खेलेंगी, जिसमें 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी मैच टी-20 प्रारूप में होंगे। हर टीम टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन सकती है।

ज्यादातर दिनों पर डबल हेडर मुकाबले होंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। मैच लोकल समयानुसार सुबह 9 बजे और शाम 6-30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही समय रखा गया है। लॉस एंजेलिस की मेयर करेन बास ने एक बयान में कहा कि जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आएगी, तो हम सभी के लिए खेलों की मेजबानी करते हुए हर इलाके को उजागर करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि यह एक यादगार विरासत छोड़े। उन्होंने आगे कहा कि हम उस विरासत को पहले ही पूरा कर रहे हैं क्योंकि हम घोषणा करते हैं कि प्लेएलए में दस लाख से ज्यादा नामांकन हो चुके हैं।

मैं एलए28 और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ को धन्यवाद करना चाहती हूं, जिनकी वजह से ये कार्यक्रम मुमकिन हो पाए। क्रिकेट पहली बार ओलंपिक में 1900 में शामिल किया गया था। तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने दो दिन के मैच में भाग लिया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक में क्रिकेट का शामिल होना इस खेल के बढ़ते कद को और मजबूत करता है। महिला क्रिकेट ने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स्स में पदार्पण किया, जबकि पुरुष और महिला दोनों 2010, 2014 और 2023 में एशियन गेम्स का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में ग्रैंड प्रेयरी, लॉडरहिल और न्यूयॉर्क ने 2024 के टी-20 विश्व कप के कई मैचों की मेजबानी की।

## क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक



**प्रयागराज, वार्ता।** यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे क्रिकेटर यश दयाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत मिली है। अदालत ने इस मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी की है कि पांच साल से महिला और यश दयाल रिलेशनशिप में थे, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि शादी का झांसा देकर संबंध बनाए गए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से यश दयाल की अर्जी का विरोध किया गया। कोर्ट ने पीड़िता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है और राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने को कहा है। यश दयाल के अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी ने अदालत में अपने मुवक्किल का पक्ष रखा। उनके मुताबिक चार से छह हफ्ते बाद इस मामले पर अगली सुनवाई होगी। इस पूरे मामले की सुनवाई न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा और न्यायाधीश अनिल कुमार दशम की डिवीजन बेंच में हुई। गौरतलब है कि क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ छह जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में एक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। यह एफआईआर बीएनएस की धारा 69 के तहत दर्ज की गई। यश दयाल ने अपने खिलाफ हुई एफआईआर को रद्द करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली। याचिका में राज्य सरकार, इंदिरापुरम थाने के एसएचओ और पीड़िता को पक्षकार बनाया गया है।

## इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए डॉसन को टीम में शामिल किया

● **डॉसन को मौजूद काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को अपनी टीम में शामिल किया है। बशीर लॉर्ड्स में इंग्लैंड की रोमांचक जीत के बाद शेष श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

बशीर को तीसरे टेस्ट के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें तीसरे दिन मैदान से बाहर जाना पड़ा था। 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अंततः अंतिम विकेट लेकर इंग्लैंड को शानदार जीत दिलाई। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर डॉसन ने 2016 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक तीन मैचों में सात विकेट अपने नाम कर चुके हैं। 35 वर्षीय इस खिलाड़ी को मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है, जहां उन्होंने हैम्पशायर के लिए नौ मैचों में 21 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने उनके चयन पर कहा कि लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, लॉर्ड्स में रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद इंग्लैंड मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में 2-1 से आगे है। दोनों टीमें अब 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगी।

### खेल विशेष

## फौजा सिंह के निधन पर पीए मोदी, मान ने शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक फौजा सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को मैराथन धावक फ़ौजा सिंह का उनके पैतृक गांव ब्यास के पास सड़क हादसे में घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 114 वर्ष के थे। फौजा सिंह, जिन्हें प्यार से 'टर्बन्ड टॉरनेडो' कहा जाता था, इस वर्ष एक अप्रैल को 114 वर्ष के हुए थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक संदेश में कहा कि फ़ौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के अपने तरीके के कारण असाधारण थे। वे अद्भुत दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे। उनके निधन से बहुत दुख्ख हुआ। मेरी संवेदनाएँ उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शोक संदेश में कहा कि प्रसिद्ध पंजाबी सिख धावक फौजा सिंह जी के देहांत की खबर सुनकर बेहद दुख्ख हुआ। अपनी लंबी दौड़ों के दम पर पूरी दुनिया में सिख कौम का नाम रोशन करने वाले, विश्व के सबसे अधिक उम्र के धावक फौजा सिंह जी हमेशा हमारे दिलों और यादों में जीवित रहेंगे। परिवार और चाहने वालों के साथ दिल से संवेदना। परमात्मा उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। वाहेगुरु वाहेगुरु। लेखक खुशवंत सिंह, जिन्होंने उनकी जीवनी 'टर्बन्ड टॉरनेडो' लिखी थी, ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि मेरा पगड़ीधारी टॉरनेडो अब नहीं रहा। मुझे अत्यंत दुख के साथ अपने श्रद्धेय स्व. फ़ौजा सिंह के निधन की सूचना मिल रही है। आज दोपहर लगभग 3:30 बजे उनके गाँव बियास में सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## अगले टेस्ट से पहले ऋषभ पंत के फिट होने की पूरी संभावना: गिल

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपनी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में लगी चोट के बावजूद ऋषभ पंत 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले फिट हो सकते हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि उनके स्कैन में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है।

पंत इस सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने छह पारियों में 70.83 की औसत से 425 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान जब 34वां ओवर चल रहा था, तब जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड की एक गेंद को पकड़ने की कोशिश में पंत की उंगली में गेंद लग गई थी। वह काफी दर्द में थे और फिजियो को मैदान पर आना पड़ा, जिससे खेल थोड़ी देर रुका रहा। उन्होंने ओवर तो पूरा किया, लेकिन फिर विकेटकीपिंग जारी नहीं रख सके।

इसके बाद ध्रुव जुरेल ने मैच के बाकी हिस्से में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, पंत ने भारत की दोनों पारियों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 112 गेंदों पर 74 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में 12 गेंदों पर 9 रन। बल्लेबाज़ी के दौरान खासकर दूसरी पारी में कई बार वह असहज दिखे। शॉट खेलने के दौरान वह चोटिल हाथ को लगातार बल्ले से अलग कर ले रहे थे। यह तकलीफ सबसे ज्यादा तब दिखी जब भारत आखिरी दिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था।

# पंत का रन आउट होना मैच का निर्णायक पल: गिल



● **निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए**

**लंदन, वार्ता।** भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंततः भारत 170 रन पर ऑल आउट हो गया और 22 रन से हार गया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं। जब शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को आउट कर इंग्लैंड को जीत दिलाई, तब रवींद्र जडेजा 61 रन पर नाबाद रहे। यह एक अदभुत पारी थी। उन्होंने 181 गेंदें खेलीं और निचले क्रम को बखूबी संभाला। उन्होंने नीतीश रेड्डी के साथ 30, जसप्रीत बुमराह के साथ 35 और सिराज के साथ 23 रन जोड़े। गिल ने जडेजा के बारे में कहा कि 'वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं। हमने उन्हें कोई संदेश नहीं भेजा। वह निचले क्रम के साथ शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। हम बस यही चाहते थे कि वह और निचले क्रम के बल्लेबाज जितना लंबा खेल सकें, खेलें। जब इस दिल तोड़ने वाली हार की वजह बात की गई, तो गिल ने माना कि भारत ने खुद को चौथे दिन की आखिरी घड़ी में मुश्किल में डाल दिया। चौथे दिन शाम को करुण नायर, खुद गिल और नाइटवॉचमैन आकाशदीप का विकेट काफी कम अंतराल में गिर गया था। उस समय भारत का स्कोर 41/1 से 58/4 हो गया था। गिल को लगा कि अगर शीर्ष क्रम से एक अर्धशतकीय साझेदारी मिल जाती, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। उन्होंने कहा कि आखिरी एक घंटे में हम थोड़ी बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। खासतौर पर जो दो आखिरी विकेट गिरे। वहां हमसे गलती हुई। आज सुबह भी, जिस तरह इंग्लैंड ने योजनाबद्ध गेंदबाजी की, हम बस एक 50 रन की साझेदारी की उम्मीद कर रहे थे। अगर टॉप ऑर्डर से एक भी साझेदारी मिल जाती, तो चीजें आसान हो जातीं। क्या पंत, राहुल और वाशिंगटन सुंदर के एक ही सत्र में आउट हो जाने के बाद भी कोई उम्मीद बची थी। इस सवाल के जवाब में गिल ने कहा कि जब तक बल्लेबाजी बची थी, उम्मीद भी थी। हमें बस एक 50-60 रन की साझेदारी चाहिए थी। टारगेट बहुत बड़ा नहीं था। बस एक अर्धशतकीय साझेदारी और हम मैच में वापस आ सकते थे। गिल ने चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत के रनआउट को भी मैच का टर्निंग प्वाइंट माना। पंत और राहुल ने शतकीय साझेदारी कर पहली पारी में भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। लेकिन राहुल को लंच से पहले शतक दिलाने की

## कुंबले ने भारत की हार की तुलना चेन्नई में पाकिस्तान की हार से की



**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के रोमांचक अंत में, इंग्लैंड ने भारत को केवल 22 रनों से हरा दिया।

जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और जोनाथन ट्रॉट ने अंतिम सत्र, जडेजा के वीरतापूर्ण प्रयास और दोनों टीमों के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी। तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन की समाप्ति के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने भारत की हार और मैच के आखिरी पलों पर टिप्पणी की: कि मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन। जडेजा नाबाद रह गए-मतलब, उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। लेकिन इंग्लैंड अपने काम पर डटा रहा।

मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर के पिछले ओवर ने मोहम्मद सिराज को जरूर परेशान किया होगा। ऐसा नहीं था कि वह गेंदबाज पर हमला करना चाहते थे, लेकिन एक बेतुके पॉइंट ने दबाव बढ़ा दिया। मुझे लगा कि यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने का एक शानदार मौका था। लेकिन भारत के लिए यही होना चाहिए-22 रनों से हारने के बावजूद, कई सकारात्मक पहलू भी हैं। सीरीज के उत्साह पर प्रतिक्रिया देते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि एक बार फिर, मैच का फैसला बेहद कम अंतर से हुआ-22 रन से। हमने सिराज को सांत्वना देते देखा। हम यही देखना चाहते हैं। हमने पांच दिनों तक कड़ा मुकाबला देखा, और फिर हर तरफ हाथ मिलाते हुए। किसी एक टीम को जीतना ही था, और इस बार इंग्लैंड था। अंतिम सत्र की तीव्रता के बारे में, जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि यह बहुत तनावपूर्ण था-नाखून चबाने वाला। मुझे यकीन नहीं है कि मेरे पास कोई नाखून बचा है!

# ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से मिली भारतीय टीम

● **विमेंस टीम भी पहुंची, कप्तान शुभमन गिल बोले-हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात**



**लंदन, वार्ता।** भारतीय मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से सेंट जेम्स पैलेस में मुलाकात की। भारतीय मेंस और विमेंस टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है। भारतीय विमेंस टीम जहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज 3-2 से जीत चुकी है, जबकि टीम को 3 वनडे मैचों की सीरीज अभी खेलना है। वहीं, भारतीय मेंस टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। इंग्लैंड फिलहाल 2-1 से आगे है। उन्होंने दूसरा (लार्ड्स) टेस्ट 22 रन से जीता। इस खास मुलाकात में कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। टीम को क्लैरेंस हाउस गार्डन में किंग चार्ल्स तृतीय से मिलवाया गया, जहां उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की। इस खास मौके पर सभी खिलाड़ियों के साथ किंग चार्ल्स ने फोटो सेशन भी किया। मुलाकात पर कप्तान गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय ने हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात है। विमेंस टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलने का अनुभव खास रहा। यह हमारी उनसे पहली मुलाकात थी और वे बहुत ही दोस्ताना स्वभाव के हैं। उन्होंने आगे कहा, हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और हमें खुद को दिखाने के बहुत मौके मिल रहे हैं। भारतीय विमेंस टीम ने हाल ही इंग्लैंड विमेंस की खिलाफ पहली बार इंग्लैंड में टी-20 सीरीज अपने नाम की। टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से जीतीं। टीम 16 से 22 जुलाई के बीच 3 वनडे मैच भी खेलेगी। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलना शानदार अनुभव रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

● **ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के तीसरे ही दिन विंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया**



**किंग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन वेस्टइंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर था। इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 176 रनों से बड़ी जीत हासिल की और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। तीसरे दिन लंच के बाद जो हुआ वह गुलाबी गेंद वाले टेस्ट मैचों के मानक से भी कमतर था, क्योंकि मिचेल स्टार्क ने सबसे तेज पांच विकेट (15 गेंद) लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर अपनी लस्वग और सीम गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया।

पूरे मैच में मुश्किल हालात में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे स्टार्क ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर विंडीज के पतन की शुरुआत कर दी। उन्होंने एक ही ओवर में जॉन कैंपबेल, केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट कर दिया, जबकि आखिरी दो बल्लेबाज देर से स्विंग हुई और बल्ले और पैड के बीच से निकलकर फुल लेंथ की गेंदों पर आउट हुए। 0/3 के स्कोर पर, मेजबान टीम पहले से ही मुश्किल में थी, लेकिन स्टार्क का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था। अपने तीसरे ओवर में, उन्होंने मिकेले लुइस को आउट करके 400 टेस्ट विकेट पूरे किए, ऐसा करने वाले सिर्फ चौथे ऑस्ट्रेलियाई बने, और दो गेंद बाद उन्होंने एक और तेज इनलस्वगर पर शाई होप को आउट कर दिया। गुलाबी गेंद से स्टार्क का यह अंदाज कमाल का था, तेज गेंदबाजी, गेंद को देर से घुमाना और बल्लेबाजों को कोई मौका न देना। इसके बाद जोश हेजलवुड ने रोस्टन चेज को आउट करके स्कोर को और बिगाड़ दिया और स्कोर 11/6 हो गया। जस्टिन ग्रीव्स, जो दोहरे अंक तक पहुंचने वाले वेस्टइंडीज के एकमात्र बल्लेबाज थे, अल्ज़ारी जोसेफ़ के साथ कुछ देर टिके रहे और उन्होंने चाय तक पारी को संभाला। लेकिन ब्रेक के बाद, केंद्र में आने की बारी बोलैंड की थी। चायकाल के बाद तीन गेंदों में नाटकीय अंदाज में बोलैंड ने ग्रीव्स की गेंद को स्लिप में पहुंचाया, एक सफल रिव्यू के बाद शमार जोसेफ को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर जोमेल वारिकन को बोल्ड किया, जो ऑफ स्टंप के ऊपर से टकराकर अंदर की ओर आई। यह बोलैंड की पहली टेस्ट हैट्रिक थी और टेस्ट इतिहास में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा ली गई सिर्फ 10वीं हैट्रिक थी।

## आईजीपीएल ने युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर बनाया



● **आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अदभुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साह जनक है: युवराज सिंह**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और गोल्फ प्रेमी युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। भारत में इस खेल की नींव को मजबूत करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए, आईजीपीएल ने भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू)-भारत में पुरुषों के शौकिया गोल्फ के लिए आधिकारिक शासी निकाय - के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। यह ऐतिहासिक समझौता उभरती प्रतिभाओं को निखारने और भारत की ओलंपिक गोल्फ आकांक्षाओं के लिए एक स्थायी मार्ग बनाने की उनकी संयुक्त प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईजीपीएल को हाल ही में खेल मंत्रालय से भी समर्थन मिला है और युवराज के एलीट बोर्ड में शामिल होने से लीग के लिए समग्र गोल्फिंग पारिस्थितिकी तंत्र में एक वास्तविक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त होता है। आईजीपीएल के साथ अपने जुड़ाव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, युवराज ने कहा कि 'आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अद्भुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साहजनक है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक होने के बावजूद, गोल्फ को अभी भी एक विशिष्ट खेल माना जाता है और अधिक दर्शकों और खिलाड़ियों तक पहुंचने और गोल्फ को दर्शकों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए एक तेज और त्वरित प्रारूप की आवश्यकता है। युवराज ने कहा कि यह टूर्नामेंट भारतीय गोल्फरों को निखारने और अतिरिक्त अवसरों के साथ उनके विकास में भी मदद करेगा। हमें विश्वास है कि आईजीपीएल भारत में आम जनता के बीच इस खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद करेगा।

# आतंकवाद पर कठोर रुख

भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर इस समय चीन की यात्रा पर हैं। वह वहां शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। बीजिंग में हो रही शंघाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ किया है कि आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर भारत अडिग रहेगा। इससे किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। उनके अनुसार भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने वाला और आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा। उन्होंने सदस्य देशों को याद दिलाया कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए ही की गई थी।

उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले का भी जिक्र किया और कहा कि यह हमला पूरी तरह प्रायोजित था और जानबूझकर किया गया था। ताकि जम्मू कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकनसान पहुंचाने के लिए ही नहीं किया गया था बल्कि इसके पीछे धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने का भी एक षड्यंत्र था। जयशंकर ने सीधे बेबाक अंदाज में कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सुरक्षा परिषद ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने इस घटनाक्रम को गंभीर मानते हुए आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्त पोषकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कठघरे में लाने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। भारत ने इसे के अनुरूप कार्रवाई की है। उनका कहना था कि हमने ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने शंघाई संगठन के सदस्य देशों को आह्वान करते हुए कहा कि हम अपने संस्थापक उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहें और इस चुनौती पर अडिग रुख अपनाएं। जयशंकर अप्रत्यक्ष रूप से पाक का नाम लिए बिना अपनी बात कह रहे थे, लेकिन हर कोई जानता है कि उनके निशाने पर पाकिस्तान है। चीन पाक भी शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देश हैं। इसलिए चीन की धरती से विदेश मंत्री का यह आह्वान सीधे उन तक पहुंच गया होगा। डा. जयशंकर ने सोमवार को चीन के उप राष्ट्रपति और विदेश मंत्री से मुलाकात की थी।

मंगलवार को वह चीन के राष्ट्रपति जिनर्निंग से भी मिले और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिभावदन भी उन तक पहुंचाया। जाहिर है भारत अपने पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध बनाने पर भी जोर दे रहा है। साथ ही अपनी बात भी मुखर होकर कर रहा है। सब जानते हैं कि चीन का झुकाव पाकिस्तान की ओर हमेशा से रहा है। हाल ही में जो पाक से चार दिन का संघर्ष हुआ था, उसमें भी चीन पाक के साथ ही खड़ा दिखाई दे रहा था। साथ ही भारत के साथ चीन का सीमा विवाद भी बना हुआ है। जाहिर है चीन भी अब इस बात को अच्छी तरह समझता है कि भारत अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटेगा।

## भाजपा का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा



ओडिशा में इंसाफ के लिए लड़ती एक बेटी की मौत, सीधे-सीधे भाजपा के सिस्टम द्वारा की गई हत्या है, उस बहादुर छात्रा ने यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाई, लेकिन न्याय देने के बजाय, उसे धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया, बार-बार अपमानित किया गया, जिन्हें उसकी रक्षा करनी थी, वही उसे तोड़ते रहे, हर बार की तरह भाजपा का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा और एक मासूम बेटी को खुद को आग लगाने पर मजबूर कर दिया, ये आत्महत्या नहीं, सिस्टम द्वारा संगठित हत्या है, मोदी जी, ओडिशा हो या मणिपुर देश की बेटियां जल रही हैं, टूट रही हैं, दम तोड़ रही हैं। और आप खामोश बने बैठे हैं, देश को आपकी चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए। -**राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए



**योगेश कुमार गोयल**

हिन्दी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारत की आत्मा, चेतना, अस्मिता और स्वाभिमान की प्रतीक है। यह भारतीय संस्कृति की वह अ.श्य डोर है, जो देश के कोने-कोने को जोड़ती है। दुर्भाग्यवश हिन्दी जब अपनी वैश्विक उड़ान भर रही है, उसी समय देश के भीतर कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक स्वार्थों के कारण हिन्दी का विरोध हो रहा है। खासकर महाराष्ट्र जैसे राज्य में, जहां मुंबई में हिन्दी फिल्मों का केंद्र है, वहां हिन्दी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी और हिन्दी बोलने वालों पर हमले की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह विडंबना ही है कि एक ओर जहां दुनिया हिन्दी को सम्मान दे रही है, वहीं भारत में कुछ शक्तियां इसे राजनीतिक हथियार बना रही हैं।

यह सच है कि भारत में विविध भाषाओं और बोलियों का समृद्ध संसार है। संविधान 18वीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता देता है। इनमें से हर भाषा का सम्मान और संरक्षण आवश्यक है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसंख्या द्वारा बोली जाने वाली हिन्दी के खिलाफ वैमनस्य फैलाया जाए। हिन्दी को थोपे जाने की राजनीति और विरोध दोनों ही गलत हैं। भाषा का विकास संवाद और सहमति से होता है, न कि टकराव से। आज जब हिन्दी आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप से दुनिया में भारत की पहचान बन रही है, तब इसे विरोध का विषय बनाना केवल संकीर्ण राजनीति का परिचायक है।

दुनियाभर में आज जब अपनी-अपनी भाषाओं को लेकर चिंता बढ़ रही है, ऐसे समय में हिन्दी न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। एक ओर जहां सैंकड़ों भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं, वहीं हिन्दी वैश्विक मंच पर तेजी से उभर रही है, जिसे लेकर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए। विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है। एथ्नोलॉग की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, हिन्दी के 61.5 करोड़ मूल वक्ता हैं। यह आंकड़ा भाषा के प्रसार और इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। मन्दारिन और अंग्रेजी के बाद हिन्दी की यह स्थिति केवल आंकड़ों की बात नहीं है बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक स्वीकार भी है। वर्षों से हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र के मंच पर लाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। जून 2022 में जब संयुक्त राष्ट्र ने हिन्दी, उर्दू और बांग्ला में जानकारी उपलब्ध कराने की पहल की तो यह हिन्दी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। इससे स्पष्ट हुआ था कि वैश्विक संस्थाएं अब भारतीय भाषाओं की उपेक्षा नहीं कर सकती। दुनिया के 50 से अधिक देशों में 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, फ्रांस, जापान, पोलैंड, नेपाल, फिजी, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी के अध्ययन और शोध को लेकर विशेष रुचि देखी जा रही है। यूजीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में हिन्दी सीखने आने वाले विदेशी विद्यार्थियों की संख्या में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित फिजी में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। वहां फिजी हिन्दी महापरिषद जैसी संस्थाएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। मॉरीशस में 2002 में स्थापित विश्व हिन्दी सचिवालय हिन्दी भाषा के अंतर्राष्ट्रीय प्रसार का सशक्त मंच बना हुआ है। यहां से विश्व हिन्दी पत्रिका और विश्व हिन्दी समाचार जैसे प्रकाशनों के जरिए हिन्दी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत की जा रही है। रूस में भी हिन्दी साहित्य का प्रभाव गहराता जा रहा है। अनेक रूसी विद्वान तुलसीदास, प्रेमचंद, माखनलाल चतुर्वेदी, महादेवी वर्मा जैसे भारतीय लेखकों के साहित्य का रूसी में अनुवाद कर रहे हैं। रूस के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा और साहित्य का व्यापक अध्ययन होता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि साहित्यिक दृष्टि से भी हिन्दी की जड़ें वैश्विक धरातल पर गहरी हो रही हैं। हिन्दी को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने भी सम्मान दिया है। बच्चा, अच्छा, दादागिरी, पंडित, जुगाड़, गुलाब जामुन जैसे अनेक हिन्दी शब्द अब इस प्रतिष्ठित शब्दकोश का हिस्सा बन चुके हैं।

यह उस सांस्कृतिक प्रभाव की मान्यता है, जो हिन्दी शब्दों के जरिए दुनिया में फैल रहा है। अमेरिका की ग्लोबल लैंग्वेज मॉनीटर संस्था हिन्दी की शब्दसंपदा को समृद्ध बता चुकी है। एक अनुमान के अनुसार हिन्दी में 1.25 लाख से अधिक शब्द हैं। वहीं, अमेरिका की 2023 की जनगणना रिपोर्ट बताती है कि वहां हिन्दी बोलने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक हो चुकी है। 2011 की तुलना में यह वृद्धि अभूतपूर्व है। बॉलीवुड और भारतीय सिनेमा ने भी हिन्दी के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी फिल्मों की लोकप्रियता आज अमेरिका, इंग्लैंड, यूएई, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, तुर्की तक फैली है। कई देशों में हिन्दी फिल्मों के रेडियो चौनल, टीवी चौनल, फिल्म समारोह और लाइव शो आयोजित किए जाते हैं, जो हिन्दी को सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। हिन्दी की लोकप्रियता को सोशल मीडिया ने भी एक नई ऊंचाई दी है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर हिन्दी सामग्री का विस्तार प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि हिन्दी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 20 करोड़ पार कर चुकी है। गूगल के अनुसार, हिन्दी कंटेंट की वार्षिक वृद्धि दर 94 प्रतिशत है जबकि अंग्रेजी की घटती जा रही है। अब ई-कॉमर्स और तकनीक की दुनिया में भी हिन्दी एक मजबूत बाजार भाषा बन चुकी है। अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां भी अब हिन्दी में सेवाएं दे रही हैं। डेलॉइट की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 65 प्रतिशत ऑनलाइन उपभोक्ता अब हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी लेना पसंद करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हिन्दी का आर्थिक मूल्य भी तेजी से बढ़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट, माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर, वॉयस असिस्टेंट्स, एआई चैटबॉट्स और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में हिन्दी को प्रमुखता दी जा रही है। तकनीकी उपकरणों में हिन्दी इनपुट और आउटपुट की सुविधा अब आम बात हो चुकी है। भारत के डिजिटल इंडिया अभियान में भी हिन्दी की प्रमुख भूमिका है। हिन्दी की वैश्विक प्रतिष्ठा को विश्व हिन्दी सम्मेलन जैसे आयोजन भी मजबूती दे रहे हैं। 1975 से अब तक यह सम्मेलन भारत, मॉरीशस, अमेरिका, यूके, त्रिनिदाद, फिजी जैसे देशों में आयोजित हो चुका है। इन आयोजनों में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इतिहास गवाह है कि महात्मा गांधी ने हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसे राष्ट्रीय एकता का आधार कहा था। भारत सरकार द्वारा 1963 में स्थापित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान अब हिन्दी में उच्च शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह संस्थान प्रत्येक वर्ष 'हिन्दी सेवी सम्मान' प्रदान करता है, जो हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को दिए जाते हैं। बहरहाल, हमें यह समझना होगा कि भारत के किसी भी राज्य में हिन्दी का विरोध करना भारत की एकता और संस्कृति पर हमला है। भाषा को विभाजन का नहीं, समावेशन और संवाद का साधन बनाना चाहिए। जब दुनिया हिन्दी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है तो हमें भी अपनी भाषाई चेतना को व्यापक बनाना होगा। हिन्दी किसी एक राज्य या क्षेत्र की नहीं, पूरे भारत की है। इसका विरोध उस भारतीयता का विरोध है, जो हिन्दी के जरिए दुनियाभर में फैल रही है। यह समय हिन्दी को राजनीति की भेंट चढ़ाने का नहीं, इसके वैश्विक उभार को समर्थन देने का है। इसलिए हमें हिन्दी को अपमानित नहीं बल्कि इसके इस उज्जवल भविष्य पर गर्व करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# कैंसर ट्यूमर की मदद करती तंत्रिकाएं



**जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।**

हाल में किए गए एक अध्ययन से उजागर हुआ है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं अपनी पड़ोसी स्वस्थ कोशिकाओं की मदद से अधिक विनाशकारी शक्ति हासिल कर लेती हैं। एक अनुसंधान दल ने पाया है कि तंत्रिकाएं अपनी पड़ोस की मैलिग्नेंट (दुर्दम) कोशिकाओं को अपना माइटोकॉण्ड्रिया दान दे देती हैं।

गौरतलब है कि माइटोकॉण्ड्रिया कोशिकाओं का एक उपांग होता है जो कोशिकाओं के कामकाज के लिए जरूरी ऊर्जा उपलब्ध कराता है। यह अवलोकन इस बात की व्याख्या कर देता है कि क्यों तंत्रिकाओं की उपस्थिति में ट्यूमर ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और तो और कैंसर कोशिकाओं को अतिरिक्त माइटोकॉण्ड्रिया मिल जाने पर उनकी शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने (मेटास्टेसिस) की क्षमता भी बढ़ जाती है।

पहले माना जाता था कि कोशिकाएं अपने माइटोकॉण्ड्रिया सहेजकर रखती हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों में हुए अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कोशिकाएं इन उपांगों का खूब लेन-देन करती हैं। कैंसर कोशिकाएं दाता भी हो सकती हैं और प्राप्तकर्ता भी। जैसे, हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने बताया था कि कैंसर कोशिकाएं और प्रतिरक्षा टी-कोशिकाएं कभी-कभी माइटोकॉण्ड्रिया का विनिमय करती हैं। इस दौरान, कैंसर कोशिकाएं अपने दोषपूर्ण उपांग टी-कोशिकाओं को देकर उन्हें कमजोर भी कर सकती हैं। कुछ सर्वथा अलग तरह के अध्ययनों में पता चला है कि तंत्रिकाएं अपने आसपास के ट्यूमर्स की वृद्धि को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए टेक्सास हेल्थ साइन्स सेंटर के गुस्तावो आयला की टीम ने देखा था कि जब प्रयोगशाला के जंतुओं की प्रोस्टेट ग्रंथि को पहुंचने वाली तंत्रिकाओं को काट दिया गया या बोटॉक्स इंजेक्शन देकर खामोश कर दिया गया, तो प्रोस्टेट कैंसर सिकुड़ गया। ट्यूमर-ग्रस्त मनुष्यों में भी बोटॉक्स इंजेक्शन देने पर कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु दर बढ़ गई थी।

यह भी पता चला है कि जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी दर्शाया कि यदि माइटोकॉण्ड्रिया रहित कैंसर कोशिकाएं तैयार करके उन्हें यह उपांग बाहर से दिया जाए तो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसी माइटोकॉण्ट्रिया रहित कोशिकाएं विभाजित नहीं होतीं और उनकी ऑक्सीजन खपत भी कम रहती है, लेकिन जब इन्हें तंत्रिका कोशिकाओं के साथ रखा गया, तो 5 दिन में इनकी चयापचय क्रियाएं बहाल हो गईं और इनमें विभाजन भी होने लगा। शायद पड़ोसियों से मिले माइटोकॉण्ड्रिया के दम पर। इसी प्रयोग को आगे करने पर पता चला कि यह असर लंबे समय के लिए होता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच भी की कि क्या ऐसी पुनः सक्रिय हुई कैंसर कोशिकाओं के अन्य स्थानों/अंगों में फैलने (मेटास्टेसिस) की संभावना भी ज्यादा होती है।

इसकी जांच करने के लिए उन्होंने चूहों की तंत्रिका व कैंसर कोशिकाओं को साथ-साथ रखकर विकसित किया और फिर उन्हें मादा चूहे के उदर की वसा में डाल दिया। देखा गया पेट में ट्यूमर बना और जल्दी ही वह फेफड़ों तथा मस्तिष्क में फैल गया। यह भी देखा गया कि मूल ट्यूमर में तो मात्र 5 प्रतिशत कोशिकाओं ने तंत्रिकाओं से माइटोकॉण्ड्रिया हासिल किए थे लेकिन फेफड़े में पहुंची 27 प्रतिशत तथा मस्तिष्क में पहुंची 46 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं में आयातित माइट्कॉण्ड्रिया थे अर्थात आयातित माइटोकॉण्ड्रिया मेटास्टेसिस को बढ़ावा देते हैं। जब प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के ट्यूमर की कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि तंत्रिकाओं के नजदीक की कोशिकाओं में ज्यादा माइटोकॉण्ड्रिया थे।

यह अनुसंधान कैंसर से निपटने का एक सर्वथा नया रास्ता सुझाता है। शोधकर्ता कहते हैं कि कैंसर से निपटने के लिए उसके आसपास की तंत्रिकाओं पर ध्यान देना उपयोगी होगा।

# निजी अस्पतालों में आकस्मिक चिकित्सा पर पुनर्विचार जरूरी

जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने-माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।



परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस-किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में-जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में-जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**- उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार-बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी-कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है। ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

-साभार स्रोत फीचर्स

# ट्रम्प के अपने ही घर में आफत: 20 राज्यों ने दायर किए मुकदमे

## स्कूल कार्यक्रमों के लिए धनराशि रोकने का मामला

**ईस्ट प्रोविडेंस।** अमेरिका के 20 से ज्यादा राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। उनका कहना है कि ट्रम्प प्रशासन ने स्कूल के बाद और ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों तथा अन्य के लिए दी जाने वाली अरबों डॉलर की धनराशि रोक दी है।

ऐडेन कैजारेस उन 14 लाख बच्चों और किशोरों में से एक हैं, जो स्कूल के बाद या गर्मियों में बायज एंड गर्ल्स क्लब, वाईएमसीए या किसी पब्लिक स्कूल में मुफ्त में कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं। ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं।

कांग्रेस ने ज्यादातर कम आय वाले परिवारों को शैक्षणिक सहायता, संवर्धन और बाल देखभाल प्रदान करने के लिए इन कार्यक्रमों के लिए धनराशि अलग रखी थी, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने हाल ही में इस धनराशि को रोक दिया है। 21वीं सदी के सामुदायिक शिक्षण केंद्रों के लिए दी जाने वाली राशि, जो संघीय शिक्षा अनुदानों में से एक है, को भी ट्रम्प प्रशासन ने रोक दिया है। ये रकम कुल मिलाकर 6 अरब डॉलर से ज्यादा है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जिन संस्थाओं को पैसा दिया जा रहा है, वे ट्रम्प की नीतियों के अनुसार काम कर रही हैं या नहीं। ईस्ट प्रोविडेंस के बायज एंड गर्ल्स क्लब के अनुसार, रोड आइलैंड राज्य ने अपने स्तर पर ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए धन मुहैया कराया है। लेकिन शरद ऋतु में स्कूल के बाद चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर चिंता बनी हुई है। बायज एंड गर्ल्स क्लब आफ अमेरिका की संचार उपाध्यक्ष सारा ल्यूटजिंगर ने कहा कि अगर ट्रम्प प्रशासन अगले तीन से पांच हफ्तों में धनराशि जारी नहीं करता है, तो देशभर में 926 क्लबों में से कई बंद हो सकते हैं। वाईएमसीए और सेव च चिल्ड्रन संगठन ने भी कहा है कि उनके कई केंद्रों को भी बंद करना पड़ सकता है। सेव द चिल्ड्रन एक्शन नेटवर्क की कार्यकारी निदेशक क्रिस्टी ग्लीसन ने कहा कि समय की बहुत अहमियत है। उनके संगठन ने अमेरिका के दक्षिणी ग्रामीण इलाकों और वाशिंगटन राज्य के 41 स्कूलों में कार्यक्रम शुरू किए हैं, जहां अगस्त से स्कूल शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है। जिन स्कूलों की फंडिंग रोकी गई है, उनमें ज्यादातर रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं वाले इलाकों में हैं। वामपंथी थिंक टैंक, न्यू अमेरिका के एक विश्लेषण के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित 100 स्कूल जिलों में से 91 रिपब्लिकन इलाकों में हैं। ये जिले खास तौर पर कैलिफोर्निया, वेस्ट वर्जीनिया, फ्लोरिडा और जार्जिया राज्यों में हैं।



- कांग्रेस ने रखी थी रकम, ट्रम्प प्रशासन ने रोकी
- ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं
- अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनेंगी यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन सकती हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनकी सिफारिश की है। यूलिया, जेलेंस्की की करीबी मानी जाती हैं। वह 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह लेंगी। जेलेंस्की ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वे सरकार में जरूरी बदलाव चाहते हैं। हालांकि यूलिया का पीएम बनाना संसद की मंजूरी पर निर्भर करता है। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट आफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे देश की अगली पीएम बनेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक यूलिया के प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर आज संसद में चर्चा हो सकती है। यूलिया को नए पीएम बनाए जाने की कोशिश को लेकर विपक्षी पार्टियां नाराज हैं। उनका कहना है कि उप-प्रधानमंत्री को ही प्रधानमंत्री बनाना कोई बड़ा बदलाव नहीं है, बल्कि बस चेहरों की अदला-बदली है। कुछ विरोधियों का यह भी आरोप है कि जेलेंस्की ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि वह अपनी सत्ता और मजबूत कर सकें। उन्होंने जेलेंस्की पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।



मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास एक डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी।

## आतंकवाद से सख्ती से निपटने के उद्देश्यों पर अड़िग रहे एससीओ: जयशंकर

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा। डा. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियो की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ए तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निदा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश नौसेना ने 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**ढाका।** बंगलादेश की नौसेना ने कथित तौर पर उनके देश की समुद्री सीमा में प्रवेश करने और बंगाल की खाड़ी में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है। एक समाचार रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार कल समुद्र में फेयरवे बॉय क्षेत्र के पास मछली पकड़ने वाले दो ट्रॉलर, एफबी झोर और एफबी मंगल चांदी-38 को भी जब्त कर लिया गया। हिरासत में लिए गए मछुआरों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए मोंगला भेजा गया है।

### गजनी में हमलावरों ने की पांच लोगों की गोली मारकर हत्या

**काबुल।** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पाँच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सईदी ने बताया कि इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

### कनाडा में गर्मी की अनेक चेतावनी जारी की

**ओटावा।** कनाडा के पर्यावरण प्राधिकरण ने सोमवार दोपहर को ओंटारियो, क्यूबेक और अटलांटिक प्रांतों सहित कई प्रांतों के लिए गर्मी की चेतावनी जारी की। पर्यावरण कनाडा के अनुसार, गर्मी की चेतावनी में टोरंटो, ओटावा और मॉन्ट्रियल जैसे बड़े शहर भी शामिल हैं जहां दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है जो उच्च आर्द्रता के साथ 42 डिग्री तक महसूस होगा और गुरुवार रात तक इसे जारी रहने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने कहा कि दक्षिणी ओंटारियो में इस सप्ताह अधिकांश समय गर्मी और उमस महसूस होगा।

# फ्रांस में राष्ट्रपति की पत्नी के पुरुष होने की चर्चाएं

## दो महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने दो महिला यूटयूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। इन महिलाओं ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि ब्रिगिट मैक्रों महिला नहीं, बल्कि पुरुष हैं। इनका कहना था कि ब्रिगिट का असली नाम जीन-मिशेल ग्रोग्रेन्क्स था। हालांकि यह नाम ब्रिगिट के भाई का है।

जीन-मिशेल और ब्रिगिट की शक्ल आपस में काफी हद तक मिलती है। इसके बाद प्रथम महिला ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपए और उनके भाई को 5 लाख रुपए हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने अब इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोगन्यू की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। यह मामला दिसम्बर 2021 का है, जब अमंडाइन राय नाम की महिला यूटयूबर ने एक पत्रकार नताशा रे का इंटरव्यू किया। 4 घंटे के इस इंटरव्यू में नताशा ने दावा किया कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष हैं। नताश रे ने यह भी दावा किया कि उन्होंने इस जानकारी के लिए 3 साल तक रिसर्च की। रे ने दावा कि जीन मिशेल ने लिंग परिवर्तन कराने के बाद इमैनुएल मैक्रों से शादी की थी। यह वीडियो वायरल हो गया और पूरी दुनिया में इसे लेकर कान्सपिरेसी थ्योरी फैलने लगी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। उन्होंने दावा करते हुए खहा कि यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा राजनीतिक घोटाला है। ओवेन्स ने दावा किया कि ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोग्नेक्स वास्तव में एक ही व्यक्ति हैं। यानी ब्रिगिट पहले जीन-मिशेल के नाम से एक पुरुष थीं और बाद में लिंग परिवर्तन कर महिला बनीं। ओवेन्स ने यहां तक कहा कि वह अपनी पूरी पेशेवर प्रतिष्ठा इस बात पर दांव पर लगा देंगी कि ब्रिगिट मैक्रों वास्तव में पुरुष हैं।



कहा गया था, जेंडर बदलकर की शादी

# डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ की दी धमकी

- अमेरिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी के हथियार भेजेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमेरिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी का हथियार भेजेगा, साथ ही उन्होंने रूस को धमकी दिया कि अगर 50 दिनों के अंदर युद्ध समाप्ति के लिए समझौता नहीं हुआ तो वह रूस पर कड़े टैरिफ लगाएंगे। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन में नाटो प्रमुख मार्क रूटे के साथ बैठक के बाद ट्रम्प ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूक्रेन वह कर सके जो वह करना चाहता है। रूटे ने पुष्टि किया कि अमेरिका ने नाटो के माध्यम से यूक्रेन को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने का निर्णय लिया है तथा यूरोपीय देश इसका खर्च वहन करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि यूरोपीय देश यूक्रेन को अपनी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां देंगे जिस पर यूक्रेन रूस के घातक हवाई हमलों को विफल करने के लिए निर्भर है और इसके बाद अमेरिका प्रतिस्थापन प्रणाली जारी करेगा। हालांकि न तो रूटे और न ही ट्रम्प ने कीव को भेजे जाने वाले हथियारों के बारे में विस्तार से बताया लेकिन रूटे ने कहा कि सौदे में मिसाइल और गोला-बारूद शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का हथियार देने का वादा यूक्रेन के लिए एक बड़ा कदम है। ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर मूल्य के उच्च-स्तरीय हथियार युद्धक्षेत्र में तेजी से वितरित किए जाएंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि उन्होंने रूटे के साथ बैठक करने के बाद ट्रम्प से बात की और यूक्रेन का समर्थन करने, हत्याओं को रोकने तथा स्थायी एवं न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के लिए साथ मिलकर काम करने की उनकी इच्छा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ रूसी हमलों से लोगों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने और अपनी स्थिति मज़बूत करने के लिए आवश्यक उपायों व समाधानों पर चर्चा की।

# सीरिया में सैन्य टैंको पर इजरायली हमला

## सरकारी बलों और ड्रूज मिलिशिया संघर्ष में 30 की मौत

- सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है

**बुसरा अल-हरीर।** इजरायली सेना ने कहा कि उसने सीरिया के दक्षिणी हिस्से में कुछ सैन्य टैंकों पर हमला किया है। यह हमला उस समय हुआ, जब वहां सीरियाई सरकारी बलों और बेडौइन जनजातियों की ड्रूज मिलिशिया के बीच झड़प हुई थी। सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है और अब भी वहां शांति पूरी तरह नहीं लौटी है।

दक्षिणी सीरिया के स्वेदा प्रांत में स्थानीय मिलिशिया और कबीलों के बीच लड़ाई में दर्जनों लोग मारे गए हैं। जब सरकारी सुरक्षा बल शांति बहाल करने के लिए पहुंचे, तो उनकी भी सशस्त्र समूहों के साथ झड़प हुई। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बताया कि अब तक 30 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और करीब 100 लोग घायल हुए हैं। ब्रिटेन की युद्ध निगरानी संस्था सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स ने बताया कि कम से कम 89 लोग मारे गए हैं, जिनमें दो बच्चे, दो महिलाएं और 14 सुरक्षा बल के सदस्य शामिल हैं। आब्जर्वेटरी ने बताया कि लड़ाई की शुरुआत ड्रूज और सुन्नी बेडौइन कबीलों के सशस्त्र समूहों के बीच हुई। सरकारी सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी बेडौइन पक्ष की मदद कर रहे थे। सीरिया के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नूरेद्दीन अल-बाबा ने बताया कि सरकारी बल व्यवस्था बहाल करने के लिए सुबह-सुबह स्वेदा में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि कुछ झड़पें गैरकानूनी सशस्त्र समूहों के साथ हुईं, लेकिन हमारी को. शिश है कि आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो। वेधशाला ने बताया कि झगड़े की शुरुआत उस समय हुई जब एक बेडौइन समूह ने एक ड्रूज युवक को पीटा और लूट लिया। इसके जवाब में दूसरे पक्ष ने भी हमला किया और अपहरण की घटनाएं शुरू हो गईं। वेधशाला के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने बताया कि संघर्ष एक ड्रूज सब्जी विक्रेता के अपहरण और लूटपाट से शुरू हुआ।

## इंडोनेशिया में नाव पलटी, 11 लोग लापता


**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के मेंटावाई द्वीप समूह के तट पर सोमवार को एक नाव के पलट जाने से 11 लोग लापता हो गए। इस हादसे में सात लोग तैरकर बाहर आ गए। स्थानीय राहत एंव बचाव दल की आपातकालीन इकाई के प्रमुख डियो उल्वी फिनंदा ने यह जानक. ारी दी है। फिनंदा ने मंगलवार सुबह बताया कि नाव सिकाकाप द्वीप से सिपोरा द्वीप जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:00 बजे हुई। नाव में सवार सात लोग तैरकर किनारे तक पहुंचने में कामयाब रहे। खोज एवं बचाव कार्यालय ने सूचना के बाद एक नाव और बचाव कर्मियों के साथ एक जहाज घटनास्थल पर भेजा। हालांकि जब वे पहुंचे तो उन्हें नाव कहीं मिली।

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# पाक से शियाओं के अकेले ईरान-इराक जाने पर बैन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने अगले साल से शिया नागरिकों के अकेले इराक-ईरान जाने पर रोक लगा दी है। पाकिस्तानी अखबार द डान के मुताबिक गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान और इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया।

नकवी ने कहा कि 1 जनवरी 2026 से शिया नागरिक अकेले नहीं बल्कि रजिस्टर्ड ग्रुप की मदद से यात्रा कर पाएंगे। इन रजिस्टर्ड ग्रुप का काम लोगों को इराक ले जाना और उन्हें वहां से वापस लाना होगा। पाकिस्तान में शिया तीर्थयात्रियों को जायरीन कहा जाता है। हर साल हजारों शिया मुसलमान इराक और ईरान के पवित्र स्थलों की यात्रा करते हैं। इनमें से कई लोग अपने वीजा की तय सीमा से ज्यादा समय तक वहां रुक जाते हैं, कुछ अवैध काम भी करने लगते हैं। इससे पाकिस्तान का इन दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव पैदा होता है और पाकिस्तान की छवि भी खराब होती है। अब से इन दोनों की यात्रा पर जाने वाले शिया तीर्थयात्रियों को अब अधिकृत टूर आयोजकों के साथ जाना होगा। इन आयोजकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई तीर्थयात्री समय से ज्यादा इराक में न रुके।



- गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान-इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद फैसला लिया

# कनाडा में जगन्नाथ रथ यात्रा पर अंडे फेंके

- भक्त बोले: नफरत विश्वास को नहीं हरा सकती, भारत सरकार से कार्रवाई की अपील

**ओटावा।** कनाडा में 11 जुलाई को इस्कान की जगन्नाथ रथ यात्रा पर कुछ लोगों ने छतों से अंडे फेंके। इस घटना का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह घटना उस वक्त घटी जब भक्त सड़कों पर नाचते हुए भजन कर रहे थे।

सोशल मीडिया यूजर संगना बजाज ने घटना का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा-किसी ने पास की इमारत से हम पर अंडे फेंके। क्यों? क्योंकि हमारा विश्वास शोर मचाता है? क्योंकि हमारी खुशी अनजान लगती है? हम नहीं रुके, क्योंकि भगवान जगन्नाथ सड़कों पर हैं, कोई नफरत हमें हिला नहीं सकती। वहीं, टोरंटो में रहने वाली एक एनआरआई ने कहा- हम हैरान और आहत थे, लेकिन हमने यात्रा नहीं रोकी। नफरत कभी भी विश्वास को नहीं हरा सकती। इस घटना की निंदा करते हुए ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसे भक्तों की भावनाओं पर हमला बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा-टोरंटो में रथ यात्रा के दौरान भक्तों पर अंडे फेंके जाने की खबर से दुखी हूं। यह घटना न सिर्फ जगन्नाथ भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है, बल्कि ओडिशा के लोगों के लिए भी दुखद है।

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट